विरोधकृत् संवत्सर

शास्त्रीयदृक्सिद्ध

श्रीभोजराजपञ्चाङ्ग

प्रधान सम्पादक

प्रो. एम्. चन्द्रशेखर

प्राचार्य

सम्पादक

प्रो.हंसधर झा — आचार्य एवं अध्यक्ष

डॉ.श्यामदेव मिश्र — सहायक आचार्य

सह सम्पादक

पञ्चाङ्गपूर्वपीठिका लेखन

डॉ.अवधेश कुमार श्रोत्रिय — अं.सहायक आचार्य

पञ्चाङ्गगणित साधन

डॉ.नीलमाधव दाश — अं.सहायक आचार्य

विषय समायोजन एवं सचिव

डॉ. भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय — अं.सहायक आचार्य

मुहूर्त्त परिचय लेखन

डॉ. आशीष कुमार चौधरी — अं.सहायक आचार्य

वास्तुशास्त्र विषय समायोजन

डॉ. रविन्द्र प्रसाद उनियाल — अं.सहायक आचार्य

अक्षर संयोजन एवं तकनीकी सहयोग

श्री रोहित पचौरी — (J.R.F.)पञ्चाङ्ग परियोजना

छात्र सम्पादक

(1) प्रतिभा — शिक्षाचार्य

(2) शिल्पी उपाध्याय — आचार्य

(3) सोहन आर्य — शिक्षाशास्त्री

(4) सुहाली जैन — शास्त्री

(5) श्री गणेश सिन्दे — प्राक् शास्त्री

प्रकाशक विवरण

प्रकाशक

© **प्राचार्य**, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, भोपाल (म.प्र.)

प्रकाशन वर्ष - 2018-2019, अङ्क - अष्ट, ISSN 2277-2030

संख्या - 1000 **मूल्य - 80/-**

प्राप्ति स्थान : विक्रयविभाग, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बाग सेवनिया, भोपाल - 462043

दूरभाष: 0755-2418043

फैक्स:0755-2418003

ई.मेल: bhojrajpanchang@gmail.com

वेबसाइट - www.rsksbhopal.ac.in

इस पञ्चाङ्ग का निर्माण भारत सरकार के मौसम विज्ञान विभाग के अन्तर्गत कार्यरत कोलकाता स्थित खगोल विज्ञान केन्द्र के गणकाङ्कों पर आधारित है। अतः उनके प्रति परिसर आभार व्यक्त करता है।

पञ्चाङ्ग का परिचय

अक्षांश 23°/16' पलभा 05/09/35 वर्षारम्भ में अयनांश 24°/6'/36''

यह पञ्चाङ्ग भोपाल शहर के कालमान (अक्षांश और रेखांश) के अनुसार निर्मित है। तिथि और नक्षत्र के आगे निर्दिष्ट घटीपल उसके सूर्योदय के बाद की स्थिति को बताता है, इसी तरह घटी-पल के आगे निर्दिष्ट घंटा मिनट उसके अन्त काल को दर्शाता है। पञ्चाङ्ग में दिए गए समस्त घंटा मिनट स्टैण्डर्ड मानक समय में ही दिये गये हैं। जनसामान्य इस पञ्चाङ्ग के समय को अपनी घड़ी के अनुरूप मिलाकर समय का उपयोग कर सकते हैं, अर्थात् घड़ी के समय के अनुरूप मानक समय में ही तिथ्यादि के अन्तकाल दर्शाये गये है। पञ्चाङ्ग में तिथ्यादि के जो समय दिये गये हैं, वे सभी रेडियो टाइम के अनुसार समझना चाहिए।

इस पञ्चाङ्ग के गणित और ग्रह गणना का आधार भारतीय मौसम विज्ञान विभाग कोलकाता स्थित खगोल विज्ञान केन्द्र के द्वारा निर्मित भारत मध्यस्थानीय गणांक है।

इस पञ्चाङ्ग में भारत के कुछ शहरों के अक्षांश-रेखांश तथा मध्यप्रदेश के कुछ शहरों के रेखांश, अक्षांश, देशान्तर, पलभा एवं लग्नप्रमाण दिये गये हैं, साथ ही किसी भी स्थान के लिए सूर्योदय और सूर्यास्त साधन हेतु चरसारणी आदि दिया गया है। इसके आधार पर उन प्रदेशों में तिथ्यादि मान जाना जा सकता है। इसमें राश्यादि स्पष्ट दैनिकग्रह, दैनिकलग्नान्तकाल, ग्रहों का राशि प्रवेश, उदयास्त, द्वितीया एवं चतुर्थी तिथि का चन्द्रोदय एवं चन्द्रदर्शन, विवाहादि शुभकर्म हेतु मुहूर्त दिये गये हैं, साथ ही मेलापक,षोडशोपचारपूजनविधि, ग्रहशान्ति,तर्पण तथा अशौचादि आवश्यक विषयों का भी विवरण दिया गया है, जिसके आधार पर विज्ञजन निर्णय लेने में सक्षम होगें।

विशेष - इस पञ्चाङ्ग में प्रतिदिन के मुहूर्त्त के साथ कुछ उपयोगी ज्योतिषीय विचार व निर्णय दिये गये हैं। जो पूर्णतया शास्त्रानुसार हैं यह पञ्चाङ्ग प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयोगी हो और सरल हो एतदर्थ सभी अपेक्षित प्रयास किये गये हैं फिर भी विद्वज्जनों और सुधी पाठकों से अपेक्षित सुझाव व परामर्श आमन्त्रित है।

सूचना - पञ्चाङ्ग से सम्बन्धित सभी न्यायिक मामले भोपाल न्यायपालिका कार्यक्षेत्र के ही अन्तर्गत होगा।

विषयसूची

क्र.	विषय	पृ.स.	क्र.	विषय	पृ.स.
01	पञ्चाङ्ग का परिचय	01	32	नक्षत्र कष्टावली-यात्रानक्षत्रविचार	50
02	सम्पादक मण्डल की ओर से ...	02	33	स्वप्नविचार	51
03	पञ्चाङ्ग पूर्वपीठिका	04	34	द्वादशभावस्थ ग्रहफलविचार	51
04	धान्यादि का समर्घविचार	08	35	वर्षकुण्डली में ग्रहफल	52
05	द्वादशराशियों घात चक्र	08	36	ग्रहों के दानपदार्थ	52
06	वार्षिक राशिफल	08	37	ग्रहों के शान्तिमन्त्र	52
07	ग्रहणविवरण	11	38	पञ्चसूक्त	52
08	चूडाकर्म	14	39	यज्ञोपवीत धारण विधि	54
09	विद्यारम्भ, उपनयन मुहूर्त्त	14	40	षोडशोपचार-देवपूजनविधि	54
10	विवाह मुहूर्त्त	14	41	तर्पण प्रयोग विधि	56
11	वधूप्रवेश/द्विरागमन	14	42	नवग्रहस्तोत्र	58
12	गृहारम्भ मुहूर्त्त	14	43	श्रीकनकधारास्तोत्र	58
13	नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त्त	14	44	अंक्षाश-रेखांश सारिणी	59
14	जीर्णोद्धार गृहप्रवेश मुहूर्त्त	14	45	परिसरीय गतिविधियाँ	61
15	सर्वदेवप्रतिष्ठा मुहूर्त्त	14			
16	ग्रहों का उदयास्त वक्री, मार्गी	15			
17	अभीष्ट स्थान के सूर्योदय साधनविधि	16			
18	अक्षांश से सारिणी द्वारा पलभाज्ञान	16			
19	चरसारिणी	16			
20	क्रान्तिसारिणी	17			
21	वेलान्तरसारिणी	17			
22	भोपाललग्नसारिणी	18			
23	अक्षांश, रेखांश, देशान्तर...	18			
24	**पञ्चाङ्ग तिथ्यादिविवरण 2017-18 स्पष्टग्रह, दैनिकमुहूर्त्त, सिद्धियोगादि**	19-44			
25	विवाह मेलापक विचार	45			
26	विवाह मुहूर्त्त के १० दोषों का विचार	45			
27	शतपदचक्र, ग्रह उच्च-नीच चक्र	47			
28	अष्टविध मेलापकचक्र	47			
29	वरवधूगुणबोधकचक्र	48			
30	ग्रहों की दशा अन्तर्दशा सारिणी	48			
31	चौघड़िया-नष्टवस्तु-अंगस्फुरण आदि	49			

यथा शिखा मयूराणां
नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां
ज्योतिषं मूर्ध्नि संस्थितम्।।

सम्पादक मण्डल की ओर से .....
पञ्चाङ्ग प्रकाशन की अनिवार्यता

प्रो.हंसधर झा
डॉ. श्यामदेव मिश्र

संस्कृत को देववाणी कहते हैं और यह वाणी अमर मानी जाती है। इसको कल्पना या कोई पौराणिक आख्यान के रूप में न देखकर इसके वैज्ञानिक तथ्य को ढूंढने के लिये प्रयास करने की आवश्यकता है। इतिहास का अध्ययन करने पर यह तथ्य सामने आता है, कि विश्व की अनेक नागरिकताएं तथा भाषाएं उसकी गोद में समा गयीं। उनका कोई नमूना भी नहीं बचा है। किन्तु भारतीय सभ्यता अजर और अमर है। विज्ञान को दैनिक जीवन में समाविष्ट रखना ही उस अमरता का महत्त्वपूर्ण कारण है। इस अभियान में उसका पूरा साथ दिया है संस्कृत ने, जो एक भाषा ही नहीं एक विज्ञान भी है, और गम्भीर ज्ञान भी। अब जरूरत है आधुनिक उपलब्ध वैज्ञानिक साधनों से इस बात को सिद्ध करने की। इस महनीय कार्य का एक छोटा सा प्रयत्न आपके समक्ष यह पञ्चाङ्ग प्रस्तुत है।

आयुर्वेद, धनुर्वेद, यन्त्रविज्ञान, पशुविज्ञान, कृषिविज्ञान, वृक्षविज्ञान, अन्तरिक्षविज्ञान - इस प्रकार लिखते जाय तो इनका कोई अन्त नहीं है। ये सभी संस्कृतवाणी में समाहित हैं। महाभारत में ठीक ही कहा गया है **"यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्।"** "जो यहाँ पर है, वह सर्वत्र है, और जो यहाँ नहीं है वह कहीं भी नहीं है।" त्योहारों के नाम से, व्रतों के नाम से और पर्वों के नाम से हम पांच महाभूतों की सदैव रक्षा करके पर्यावरण, प्रकृति एवं प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करने का सतत प्रयास करते हैं। हमारा नारा है "सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग्भवेत्।।" वैज्ञानिक ही नहीं हमारा मनोवैज्ञानिक पक्ष भी हमेशा दृढ रहा है। यही प्रबल कारण था संस्कृत को अमरवेल बनाने में।

धीरे-धीरे आज हम उस वैज्ञानिक जीवनशैली से दूर होते हुए नजर आ रहे हैं। अब वह समय आ गया है, जिसमें संस्कृत की वैज्ञानिकता का रागालापन करने के साथ-साथ विकसित आधुनिक विज्ञान की सहायता से इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध करें। हम सब जानते हैं कि संस्कृत में विज्ञान निहित है, किन्तु प्रत्यक्षप्रमाण को ही मानने वाली आज की पीढ़ी को यदि इस वैज्ञानिकता का लाभ लेना है, तो इसे सिद्ध करने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है। इसका लाभ न लेने की स्थिति में जीवन यापन करना कठिनतम हो जायेगा, यह भी सत्य है। अतः आवश्यकता है, इसके वैज्ञानिकस्वरूप को उजागर करने की।

भोजराज पञ्चाङ्गः का सप्ताङ्ग

वेदेषु विद्यासु च ये प्रदिष्टाः धर्मादयः कालविशेषतोऽर्थाः।
ते सिद्धिमायान्त्यखिलाश्च येन तद्वेदनेत्रं जयतीह लोके।।(आर्ष्टिसेनिः)

कालविशेष से वेदों में और विद्याओं में जो धर्मादि उपदिष्ट हैं, उनकी सिद्धि जिस वेदनेत्ररूपी ज्योतिष से होती है, वह लोक में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करता है।

लगभग १००० वर्ष पहले राजा भोज ने भोपाल शहर का निर्माण किया था। राजा भोज मध्यकालीन भारत के महान् विभूतियों में से एक हैं। संस्कृत के विद्वानों के भरण पोषण एवं प्रोत्साहन में सदैव तत्पर राजा भोज महान् वास्तुविद् और ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ भी थे। साहित्य, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि अनेक शास्त्रों में इन्होनें ८४ से अधिक ग्रन्थ लिखे हैं, जो प्रायः सभी प्रसिद्ध हैं। उस महान् ज्योतिर्विद् के स्मरण में उसी की महानगरी से प्रकाशित होने वाले इस पञ्चाङ्ग का नाम भोजराज पञ्चाङ्ग किया गया है।

यह पञ्चाङ्ग भोपाल को मुख्य मानकर बनाया गया है। तिथ्यादि का मान मानक (स्टैण्डर्ड टाइम) समय के अनुसार लिखा गया है, तथा तिथि एवं नक्षत्र का घटत्यादि मान भी दिया गया है। विषयावबोध की दृष्टि से विद्वानों के द्वारा लिखे गये पञ्चाङ्ग से सम्बन्धित विभिन्न शोधलेख भी इस अङ्क में समाविष्ट किये गये हैं, जो निश्चय ही जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी होगें। इस पञ्चाङ्ग के निर्माण का उद्देश्य आम जनता तक इसे पहुंचना है। अतः इसमें अत्यन्त सरल हिन्दी भाषा का प्रयोग किया गया है, और प्रायः सभी अंगों के नामों को पूरा लिखा गया है। इस पञ्चाङ्ग में अपेक्षित सुधार से सम्बन्धित सभी सुझाव सादर आमन्त्रित हैं।

राजा भोज संस्कृत के महान् विद्वान् और पोषक थे। उन्होंने सन् १०१० के आसपास अनेक प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक प्रतिष्ठानों की स्थापना की। इनके अनेक ग्रन्थ आज भी प्रचलन में हैं। उनके द्वारा निर्मित समरांगणसूत्रधार वास्तुशास्त्र का एक महान् ग्रन्थ है। राजा भोज के बारे में जितना भी लिखा जाय वह कम ही होगा। पञ्चाङ्ग के प्रथम अंक में राजा भोज का विस्तृत परिचय एवं संस्कृत एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान के सम्बन्ध में विस्तृत विचार प्रस्तुत किया गया है। यह उस पञ्चाङ्ग परम्परा का षष्ठ वर्ष है।

पञ्चाङ्ग की प्रासंगिकता

भारतीय परम्परा में पञ्चाङ्ग का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में भी प्रायः अधिकतम भारतवासी प्रतिदिन किसी न किसी कार्यवश पञ्चाङ्ग के सम्पर्क में आते हैं। पञ्चाङ्गस्थ जानकारी का अनुसरण जनता आँख मूँदकर करती है। ज्योतिषशास्त्र की उपादेयता पूर्णतः पञ्चाङ्ग में सन्निहित है।

इतिहास का अवलोकन करने पर यह बात स्पष्ट होती है कि संस्कृत भाषा का प्रचलन शास्त्रीय प्रचलन में ही रहा है। प्राचीन काल से लेकर आज तक संस्कृत भाषा परम्परागतरूप से अविच्छिन्न रूपेण विद्यमान है। विश्व की अनेक संस्कृति और भाषाएँ व्यवहार के अभाव में लुप्त हो गयीं। किन्तु भारतीय संस्कृति और संस्कृत लोक में व्यवहृत रहने के कारण अविच्छिन्न विद्यमान है। इसका प्रबल कारण इसकी वैज्ञानिक संरचना ही है।

पञ्चाङ्ग इस वैज्ञानिक संरचना का एक मुख्य उदाहरण है। उपवास, व्रत, पर्व, शुभकार्य, मेलापक आदि अनेक वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्य इससे सम्बद्ध हैं। दिन प्रतिदिन व्यवसायीकरण बढ़ने से एवं अध्ययन अध्यापनादि का प्रचलन कम होने से आज के विकसित विज्ञान के आधार पर अनुसन्धान न कर पाने के कारण अनेक विसंगतियाँ उत्पन्न होती दिख रही हैं।

इन्हीं विसङ्गतियों के कारण पञ्चाङ्गों में भी वैमत्य दिख रहे हैं। इन वैमत्यों के कारण आम जनता भ्रमावस्था में पड़ जाती है। इतना ही नहीं ग्रहण जैसे अनेक वैज्ञानिक दृग्विषय अब सत्य से दूर होते हुए नजर आ रहे हैं। भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री के द्वारा सराहनीय प्रयास के बावजूद पञ्चाङ्गो में एकरूपता नहीं हो पायी है। इतना ही नहीं आज पर्व, त्यौहारों का कोई वैज्ञानिक अध्ययन भी नहीं हो पा रहा है।

दीपावली, संक्रान्ति, दशहरा, गणेशचतुर्थी आदि सभी त्यौहारों का अपना वैज्ञानिक पक्ष है। इन वैज्ञानिक पक्षों का अनुसरण सभी प्रकार के संक्रामक रोगों के निवारण में पूर्ण मददगार स्थापित हो सकता है। कृषि क्षेत्र में आज उत्पन्न होने वाली प्रायः बहुत सारी समस्याओं का कारण है, प्राचीन वैज्ञानिक नियमों का पालन नहीं करना। पञ्चाङ्ग के अनेक पक्ष कृषि क्षेत्र को ध्यान में रखते हुये बनाये जाते है, किन्तु उनका प्रचार-प्रसार एवं अनुसरण कितना होता है, यह हम सभी जानते है।

अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सस्यों में कीटप्रकोप, वायु में विकार आदि की पूर्वसूचना ज्योतिष के इस अभिन्न अंग के द्वारा दी जाती है, किन्तु आज ये विचार केवल छापने तक सीमित रह गये है। इस अनुसन्धान का प्रमुख लक्ष्य है, आधुनिक विज्ञान की सहायता से प्राचीन विधाओं का अध्ययन करके उनको आज के परिप्रेक्ष्य में लोकोपयोगी बनाना। साथ ही यह भी लक्ष्य है, कि निकोलस कोपर्णिकस से लेकर २०वीं सदी के जीन्स जैसे महान् वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट आविष्कार का भारतीय विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में और भारतीय विज्ञान का आधुनिक विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में अनुसन्धान करके परम्परागत पञ्चाङ्ग निर्माण विधा को पूर्ण रूप से वैज्ञानिक सिद्ध करना। इस तरह पञ्चाङ्ग के प्रति लोगों के हृदय में विश्वास पैदा करना तथा जनसामान्य के लिये इसे अत्यन्त उपयोगी बनाना, इस अनुसन्धान का मुख्य उद्देश्य है।

उद्देश्य - अधिकतम भारतीयों के लिये पञ्चाङ्ग एक आवश्यक एवं अनिवार्य उपकरण है। आज भारत में विभिन्न भाषाओं में १०० से ज्यादा पञ्चाङ्ग मुद्रित हो रहे है, किन्तु मध्ययुग से आज तक पञ्चाङ्गों में अनेकों वैमत्य चले आ रहे है। वस्तुतः पञ्चाङ्ग निर्माण की साम्प्रतिक विधाओं ने आधुनिक विज्ञान के प्रादुर्भाव से पहले ही जन्म ले लिया था। इस पञ्चाङ्ग निर्माण के अन्तर्गत अनेक वैज्ञानिक विषयों का अध्ययन आज तक आधुनिक विज्ञान के आधार पर नही हो पाया है, जो कि आवश्यक है।

प्राचीन मौसम विज्ञान के आधार पर अनेक सूचनायें पञ्चाङ्ग में दी जाती हैं। वे सूचनायें कृषिक्षेत्र से लेकर अनेक प्रकार के कार्यों में उपयोगी हो सकती हैं। यात्रा सम्बन्धी सूचनायें अत्यन्त वैज्ञानिक हैं। विवाहादि के मुहूर्त और मेलापक आदि अनेक विषय वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्ट्या महत्त्वपूर्ण हैं। इन सभी सूचनाओं का पालन व आचरण अनेक प्रकार की समस्याओं को दूर करने वाला होता है।

बढ़ते हुये वैज्ञानिक उपकरणों के प्रचलन ने प्राचीन विज्ञान के प्रति उदासीनता को बढ़ाया है। प्राचीन विज्ञान के प्रति अनुकूल अवधारणा के अभाव में इसका अध्ययन आधुनिक परिप्रेक्ष्य में नही हो रहा है। फलतः प्राचीन मान्यताओं का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। सामाजिक मान्यताओं की आवश्यकता के बारे में अलग से कहने की जरूरत नहीं है। वे सुस्थिर एवं समृद्ध जीवन निर्माण के आधार स्तम्भ हैं।

अतः यह समय प्राचीन विज्ञान का आधुनिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करने के लिये अत्यन्त प्रासंगिक है। विज्ञान के दिन-प्रतिदिन हो रहे विकास को इस समय में प्राचीन एवं आधुनिक विज्ञानों का संगम व अनुसन्धान अवश्य ही एक उत्तम व्यवस्था को प्रदान करने में सक्षम होगा।

व्रत पर्व एकादशी आदि का निर्णय - इस पञ्चाङ्ग में व्रतादि का निर्णय पूर्णरूप से शास्त्र एवं परम्परा के अनुरूप दिया गया है। एकादशी, गणेशचतुर्थी, संकष्टहरचतुर्थी, बुधाष्टमी आदि पर्वों के पालन में शास्त्रमर्यादा के अनुरूप पालन हो, साथ ही परम्परा का भी विरोध न हो, इसका ध्यान रखते हुये धर्मशास्त्रसम्मत निर्णीत विषय को प्रस्तुत किया गया है।

आधुनिकविज्ञान पर पूर्णविश्वास रखने वाले आज के पाठकगण व्रतादि में अन्तर्निहित वैज्ञानिक तथ्यों का भी आकलन करने का प्रयास करेगें। आधुनिक विज्ञान के दृष्टिकोण से व्रत त्यौहार आदि के पूर्ण ढांचे का अवलोकन किया जाय, तो अवश्य ही इन प्राचीन परम्पराओं में छिपी हुई वैज्ञानिकता का अनुभव किया जा सकता है। अतः पाठकगण उक्त मार्ग में भी प्रयास करेगें जिससे व्रतादि पालन का अधिकाधिक फल प्राप्त होगा।

सोऽनुष्ठीयो भवेद्धर्मो यो लोके श्रुतिसम्मतः। शास्त्रशिष्टविरुद्धस्तु धर्मस्त्याज्यः सदा बुधैः।।

-ज्योतिषरत्नमाला, सीतारामझा

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ।ज्ञात्वा शास्त्रविधानं हि कर्म कर्तुमिहार्हसि।।

- भगवद्गीता

आकाशस्थ सूर्यादि ग्रहनक्षत्रों की गति, स्थिति एवं उनके द्वारा प्राणी मात्र पर पड़ने वाले प्रभाव का विवेचन कर शुभाशुभ का बोध कराने वाला शास्त्र ज्योतिषशास्त्र है। हमारे प्राचीन मनीषी ऋषि-मुनियों की स्पष्ट मान्यता रही है, कि प्राणी मात्र के जीवन में घटित होने वाली घटनाओं का सम्बन्ध ग्रहनक्षत्रादि की गति स्थित्यादि से है। हमारे ऋषि-मुनियों ने आकाश में स्थित ग्रह-नक्षत्रों की गति स्थित्यादि के साथ ग्रहण, धूमकेतु, उल्कापात इत्यादि आश्चर्यजनक घटनाओं का भी दीर्घकाल तक सतत अनुसंधान किया है। उसी के फलस्वरूप प्राणी के जीवन पर विशेषत: मानव जीवन पर उसके द्वारा पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करते हुए, भारतीय ज्योतिष शास्त्र के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। ज्योतिष शास्त्र का मुख्य उद्देश्य है, मानव जीवन एवं समाज में आने वाले सुख-दु:खादि का पूर्वानुमान करके उन्हें अपने कर्तव्यों द्वारा अनुकूल बनाने के लिये प्रेरित करना। अत एव भास्कराचार्य द्वितीय ने भी कहा है कि- **ज्योतिश्शास्त्रफलं पुराणगणकैरादेश इत्युच्यते।।** त्रिस्कन्ध ज्योतिष शास्त्र के संहिता स्कन्ध में समष्टिगत अर्थात् सामूहिक रूप से किसी समाज, स्थान, निवासियों अथवा देश का शुभाशुभ फल विवेचित होता है। इसी समष्टिगत फल का विवेचन पञ्चाङ्गपत्रक में आकाशीय मंत्रिपरिषद् (नृपादि फल), संवत्सर फल, समर्घ-मर्ह्घ (महंगाई) विवेचन, वृष्टि विवेचन इत्यादि के रूप मे दिया जा रहा है, जो मानव समाज के लिये भावी शुभाशुभ को जानकर तदनुसार कर्तव्य सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

पञ्चाङ्ग का स्वरूप एवं आवश्यकता -

मानव जीवन के लिए यह एक प्रमुख उपकरण है "समय"। जिसे हम काल भी कहते हैं। यह काल कब उत्पन्न हुआ और कब तक चलेगा यह कोई नहीं कह सकता है। इसीलिये विद्वान लोग इसे अनादि और अनन्त कहते हैं। जैसे आचार्य आर्यभट ने कहा है - **अनादिरनन्तोऽयं काल: ग्रहभैरनुमीयते क्षेत्रे**(आर्यभटीयम्) प्राणियों को काल ही उत्पन्न करता है, और काल ही उन्हें अपने में समा भी लेता है। विष्णुपुराण के अनुसार काल विष्णु का स्वरूप ही है। अर्थात् इस अनादि और अनन्त काल की इयत्ता के बारे में हम न जान सकते हैं न सोच सकते है, केवल हम उसकी आराधना ही कर सकते हैं। यही काल का कलनात्मक स्वरूप है। अर्थात् इस काल का हम अनुमान लगा सकते हैं, ग्रह-नक्षत्र और राशियों के आधार पर। इसी गणना से प्राप्त काल के विभिन्नांगों को जहां हम सुरक्षित करते हैं, उसे पञ्चाङ्ग के रूप में प्रतिपादित किया जा सकता हैं। तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण इन पाँच अङ्गों का समाहार ही पञ्चाङ्ग है। ये पाँच अङ्ग स्पष्ट ग्रहों से सिद्ध होते हैं। इन पाँच अङ्गों के समाहार से उत्पन्न काल का स्वरूप एवं प्रभाव अनेकधा विश्लेषित किया जाता है। उन प्रभावों के मद्दे नजर इन पाँचों के आनुषांगिक रूप में अन्य विषय भी पञ्चाङ्ग के नाम से एकत्रित कर सुरक्षित एक स्टोरेज डिवाइज के रूप में किया जाता है।

पञ्चाङ्ग के सामान्य भाग

पञ्चाङ्ग में विविधविधियों का समाहार होता है। जिसमें राजादिवर्णन, व्यक्तिगत एवं समष्टिगतफल, मुहूर्तादिवर्णन, मुहूर्तनिर्णय स्नान-दान आदि धर्मशास्त्रोक्त विषयों का निर्देश, चैत्रादि १२ मासों के २४ पक्षों का तिथ्यादिमान, सूर्योदय–सूर्यास्त, दिनमान, सूर्यादि ग्रहों का दैनिकमान, लग्नान्तकाल, तिथिनिर्णय, व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करने वाले अनेक अंशो का विवरण एवं मार्गदर्शन प्रस्तुत किया जाता है, जो परम्परा में आस्था रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन में मददगार साबित होता है। इसी प्रकार विवाहमेलापक कैसे करना है, मांगलिक दोष क्या होता है और उसका परिहार कैसे होगा, रत्न पहनें तो क्या पहनें, अशौच का निर्णय कैसे होगा, शिशुजन्म लिया है तो शान्ति करनी पड़ेगी क्या, जन्मलिये बच्चे का क्या नाम रखेंगे, यात्रा किस दिन करें आदि अनेक विषयों का उल्लेख किया जाता है।

आवश्यकता - भारतीय संस्कृति का मूल वेद है। वेद यज्ञाचरण का निर्देश देता है। यज्ञ कालाश्रित होते हैं। अर्थात् यज्ञों के निर्वहण के लिए समय का प्रतिबन्ध है। समय का ज्ञान ज्योतिष से ही होता है।

वेदास्तावद्यज्ञकर्मप्रवृत्ता: यज्ञा: प्रोक्तास्ते तु कालाश्रयेण।
शास्त्रादस्मात्कालबोधो यत: स्याद्वेदाङ्गत्वं ज्योतिषस्योक्तमस्मात्।।

जो लोग ज्योतिष जानते हैं, वे ही यज्ञ को विश्लेषित कर सकते हैं। इसका तात्पर्य इतना ही है कि यज्ञानुष्ठान हेतु ज्योतिष का ज्ञान अनिवार्य रूप से होना चाहिए है। यथा -

वेदेषु विद्यासु च ये प्रदिष्टा: कालानुपूर्वा विहिताश्च यज्ञा:।
तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञम्।।

(ज्योतिर्निबन्ध, पृ.सं - ०१)

वेदोक्त कार्यों के सुचारुनिर्वहण का दायित्व स्मृति पर है। स्मृति अर्थात् धर्मशास्त्र ब्राह्म, दैव एवं अन्य संस्कारों का पालन करने में मार्गदर्शन कराता है। ये सभी कार्य उपयुक्त काल में ही किये जाते हैं। श्रुति जिन कार्यों का निर्देश करता है उसे श्रौत कार्य तथा स्मृति विहित कार्यों को स्मार्त कर्म के नाम से व्यवहार प्राप्त होता है। इस सन्दर्भ में महर्षि नारद का कथन है कि ज्योतिष के बिना श्रौत एवं स्मार्त कार्य की सिद्धि नहीं हो सकती। जैसे -

विनैतदखिलं श्रौतं स्मार्तं कर्म न सिद्ध्यति ।तस्माज्जगद्धितायेदं रचितं ब्रह्मणा पुरा।।

(नारदसंहिता)

काल के सन्दर्भ में अनेक ऋषि वचन उपलब्ध होते हैं। समय पूर्ण रूप से निर्दोष नहीं रहता है। इन्हीं कारणों को लक्ष्य करके कहा जा सकता है, कि विहितकाल में एक आहुति भी कामना सिद्धि के लिये पर्याप्त होती है तथा निषिद्धकाल में करोड़ो आहुतियां भी किसी काम की नहीं होती हैं।

गणितात् सिद्ध्यते काल: काले तिष्ठन्ति देवता:। वरमेकाहुति: काले नाकाले कोटिसंमित:।।
अतीतानागते काले दानहोमजपादिकम् ।ऊषरे वापितं बीजं तद्वद्भवति निष्फलम्।।

(चतुर्विंशतिमते, ज्योतिर्निबन्ध, पृ. ०२)

इससे यह स्पष्ट हो जाता है, कि विहितकाल में कार्य करना चाहिये निषिद्धकाल में नहीं। उचितकाल, अनुचितकाल का निर्णय धर्मशास्त्रकारों द्वारा किया जा चुका है, जो अनादि काल से प्रचलित है। उचितानुचित का निर्णय करने के लिये काल के विभिन्नांगों का साधन करना अनिवार्य होता है। साधित अंगों का विश्लेषण और उनके आधार पर भिन्न-भिन्न कार्यों के लिये उचित समय का निर्णय किया जाता है।

इस प्रकार साधित काल एवं उचितानुचित समय का निर्णय व निर्देश एकत्रित करके उपलब्ध कराया जाता है। परम्परा का पालन करने के लिये उपलब्ध साधन ही पञ्चाङ्ग है जो अनादिकाल से प्रचलित है, और आज भी उतना ही महत्त्व रखता है, जितना वैदिक काल में था।

वर्तमान में विभिन्न पञ्चाङ्ग - महामहोपाध्याय बापूदेवशास्त्री जी ज्योतिष, प्राचीन गणित एवं पाश्चात्य गणित के प्रकाण्ड विद्वान् थे। उनके द्वारा उन्नीसवीं सदी के मध्यकाल में एक नयी प्रथा प्रारम्भ की गयी। जन मानस में उनके द्वारा प्रवर्तित पञ्चाङ्ग बहुत प्रचलित हो गया। सम्भवत: तब से पञ्चाङ्ग रचना की दो मुख्य धारायें बहने लगीं। वस्तुत: विषय का अवलोकन गम्भीरता से करने पर इस अन्तर का ज्ञान निष्पन्न हो जाता है, साथ ही यह भी सिद्ध हो जाता है, कि वास्तव में ये दो धारा नही है, बल्कि शास्त्रीय पद्धति ही है।

बापूदेव शास्त्री जी के द्वारा सम्पादित दृक्सिद्ध पञ्चाङ्ग का प्रथम संस्करण विक्रम संवत् १९३३ में अर्थात् सन् १८७६ में प्रकाशित हुआ था। जिसका सम्पादन काशीराज ईश्वरीनारायण सिंहजी की अनुमति से हुआ। इस सन्दर्भ में १९३३ विक्रम संवत् के ज्येष्ठ शुक्ल नवमी के दिन काशी में एक सभा का आयोजन हुआ जिसमें श्री शास्त्री जी नें १५-१६ पृष्ठों का अपना उपपादन पढ़ के सुनाया। इस सन्दर्भ में श्री शास्त्रीजी ने प्रमाण के रूप में वसिष्ठ संहिता का निम्नोक्त वचन प्रस्तुत किया। **यस्मिन् पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यकम् ।दृश्यते येन पक्षेण कुर्यात् तिथ्यादिनिर्णयम्।।** (वसिष्ठसंहिता) इसका अर्थ इस प्रकार है। जिस किसी के मत में, जिस काल में, जिस गणित से दृष्टि और गणित इनका ऐक्य दिखाई पड़े, उसी मत से तिथि आदि के काल का निर्णय करना चाहिए। **काशी की पण्डित परम्परा, श्री बापूदेव शास्त्री, पृ. १९६**

स्पष्ट है कि श्री शास्त्री जी द्वारा इस नये सम्पादन के बाद भारत के पञ्चाङ्गकार प्राचीन भेदों को भूलकर दो नये भागों में बट गये हैं। इस मतान्तर के कारण आज जनता के सामने दो प्रकार के पञ्चाङ्ग उपस्थित हैं, जहाँ तिथ्यादि मानों में स्पष्ट अन्तर देखने को मिलता है। जो वसिष्ठसंहिता का वचन यहाँ दिया गया है, उसी के अनुरूप प्रत्येक सिद्धान्त ग्रन्थ में वचन उपलब्ध है जिनका समावेश इस पत्र में किया गया है। बापूदेव शास्त्रीजी के ही समय के विद्वान है, श्री वेङ्कटेश बापूकेतकर। केतकर महोदय की अनेक कृतियाँ हैं, जो बाद के पञ्चाङ्गकारों को अनेक प्रकार से प्रभावित किया है। श्री शास्त्रीजी नें ज्योतिर्गणितम् नामक ग्रन्थ का निर्माण किया जो दृग्गणितावलम्बियों के लिये आज भी एक आधार बना हुआ है। आचार्य केतकर जी के द्वारा रचित केतकी ग्रहगणित भी उतना ही प्रचलन में रहा है। विगत सौ वर्षों में इस ग्रन्थ का प्रभाव इतना रहा है कि परम्परागत विधि-विधान का पालन करने वाले भी कालान्तर में श्री शास्त्रीजी के कृतियों का पालन करने लगे। आज के समय में श्री शास्त्रीजी के द्वारा प्रचलित चित्रापक्षीय अयनांश का ही प्रचलन सर्वत्र दिखाई पड़ता है। श्री शास्त्रीजी के विधानों का अनुपालन स्वत: प्रमाण है, पञ्चाङ्ग सुधार समिति को पञ्चाङ्ग कर्ताओं के द्वारा समर्पित विवरण। आचार्य के द्वारा जो पञ्चाङ्ग बनाया गया उसे दृक्सिद्ध पञ्चाङ्ग कहा गया था। इसमें आचार्य ने पाश्चात्य गणित की यथा सम्भव मदद ली है। उसी समय में बीजापुर के गणिताध्यापक पण्डित वेङ्कटेश बापू केतकर के द्वारा दो ग्रन्थों की रचना की गयी। अपने ज्योतिर्गणितम् नामक ग्रन्थ में आचार्य केतकर के द्वारा पाश्चात्य गणितज्ञों के गणित तालिकाओं (लघुरिक्थ तालिका) के आधार पर ग्रह, ग्रहण आदि का साधन वर्णित किया गया। बापूदेव शास्त्री जी के बाद केतकर की ये तालिकायें प्रसिद्ध हुई और उनका अनुपालन व्यवहार में आया। जिन आचार्यों नें बापूदेव शास्त्री जी व केतकर महोदय का अनुसरण न करते हुये प्राचीन पद्धति से ही पञ्चाङ्ग का प्रकाशन किया है लोग उनके पञ्चाङ्गों को ही परम्परागत पञ्चाङ्ग के रूप में स्वीकार करने लगे। तब से भारत वर्ष में दृक्सिद्ध तथा परम्परागत के नाम से दो प्रथायें प्रचलन में आ गई।

वास्तविक भेद - वास्तविकता को समझने के लिये शास्त्र के कुछ आधार भूत सिद्धान्तों को जानना अत्यन्त आवश्यक होता है। जन सामान्य में इन सिद्धान्तों का प्रचलन न होने के

कारण यह भ्रम फैला हुआ है, कि ये दोनों पद्धतियाँ भिन्न-भिन्न हैं। पाश्चात्य पद्धति के प्रवेश से फैला यह भ्रम विषय के अध्ययन के अभाव में विस्तार रूप को प्राप्त कर गया।

गणित के आधार पर ग्रहों का साधन होता है। इन ग्रहों का मेलन दृगुपलब्ध ग्रहों से किया जाता है। यदि दोनों बराबर है, तो उन ग्रहों को स्पष्टग्रह मानते है। यदि अन्तर है, तो इनमें अन्तर का संस्कार करके ग्रह को दृक्तुल्य बनाया जाता है। इसी अन्तर को हम फल कहते हैं, तथा फल से संस्कृत ग्रह को स्पष्ट ग्रह कहा जाता हैं। इन स्पष्ट ग्रहों द्वारा उपलब्ध तिथ्यादि मान से ही पर्व व्रत आदि का पालन करना चाहिये। जैसे भास्कराचार्य कहते हैं -

यात्रा विवाहोत्सवजातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम्।
स्यात्प्रोच्यते तेन नभश्चराणां स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद्या।।

(सिद्धान्तशिरोमणि)

इस आचार्यवचन में स्पष्टग्रह की आवश्यकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित है। साथ हीस्पष्ट ग्रह का लक्षण भी वर्णित है। स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद्या। दृगुपलब्ध ग्रह एवं गणितागत ग्रह दोनों जिस प्रक्रिया से बराबर तुल्य अथवा एक होते हैं, उसी प्रक्रिया को ग्रहस्पष्टीकरण कहते हैं। यही वचन प्रायः सभी सिद्धान्तग्रन्थों में प्राप्त होता है। जैसे -

तत्तद्गतिवशान्नित्यं यथा दृक्तुल्यतां ग्रहाः। प्रयान्ति तत् प्रवक्ष्यामि स्फुटीकरणमादरात्।।

(सूर्यसिद्धान्त, स्पष्टाधिकार, श्लो१४)

यस्मान्न मध्यतुल्यं प्रतिदिवसं दृश्यते ग्रहो भगणे।तस्माद् दृक्तुल्यकरं वक्ष्ये मध्यस्फुटीकरणम्।।

(ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त, स्पष्टाधिकार, श्लो -०१)

आचार्योक्त ग्रन्थारम्भप्रयोजन भी समय-समय पर सिद्धान्तों में आवश्यक बीज संस्कार करने की बात अन्य आचार्यों की बात को पुष्ट करती है। जैसे -

ब्राह्मोक्तं ग्रहगणितं महता कालेन यत् श्लथीभूतम्। अभिधीयते स्फुटं तज्जिष्णुसुतब्रह्मगुप्तेन।।

(ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त, मध्यमाधिकार, श्लो - २)

पञ्चाङ्ग सुधार समिति के प्रयास

इस समस्या का समाधान निकालने के लिये स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पं.जवहरलाल नेहरु के द्वारा एक पञ्चाङ्ग सुधार समिति का गठन सन् १९५२ में किया गया। जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन CSIR के अध्यक्ष आचार्य मेघनाथ सहाय ने की थी। इस समिति ने सन् १९९५ में अपने विचार प्रगट किये तथा एफेमेरीज और नाटीकल-अल्मनाक बनाने का सुझाव प्रस्तुत किया। फलस्वरूप भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सन् १९५८ से राष्ट्रिय पञ्चाङ्ग का प्रकाशन प्रारम्भ किया। वर्तमान में इस कार्य को स्वतन्त्र प्रतिपत्ति से युक्त Positional Astronomy Centre करने लगा।

इस समिति ने अनेक प्रस्तावों को पारित किया एवं भारत सर्वकार से इस सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश पञ्चाङ्गकारों को देने के लिए कहा गया है। इन सुझावों को बहुत से लोगों ने स्वीकार किया तो बहुत से लोग इसका विरोध भी किये। उस समिति के पास कुल ६० पञ्चाङ्गकर्ता अपने पञ्चाङ्ग भेजें। बाद में समिति के द्वारा सुधार हेतु सुझाव मांगने पर केवल ४८ लोग अपने सुझाव भेजें। यह समिति मुख्यरूप से १३ सुझाव सर्वकार के समक्ष प्रस्तुत की थी। इस समिति में डा.के.एल दफ्तरि एवं डा.गोरखप्रसाद भी थे, जो स्वयं पञ्चाङ्गकर्ता भी थे, किन्तु इन तमाम प्रयासों के बावजूद भी यह समस्या किसी समाधान की ओर नहीं पहुँच पायी थी।

ग्रहसाधन वेधप्रक्रिया की निरन्तरता को अनिवार्यतः अपेक्षा करता है, जो आज के समय में न के बराबर है। ग्रहों का साधन सिद्धान्तोक्त विधान से बनाने चाहिये और उनको दृक्तुल्य भी बनाना चाहिये। आज यह बात स्पष्ट है, कि प्राचीन सिद्धान्तों से बने ग्रह कुछ शिथिलता को प्राप्त कर रहे है। यही कारण है कि ग्रहलाघवकार को ग्रहलाघव ग्रन्थ बनाने की आवश्यकता पड़ी। कालक्रम में उत्पन्न होने वाली शिथिलता को दूर करने की बात प्रायः हरेक सिद्धान्तकार प्रस्तुत किये थे। अतः दृक्तुल्य ग्रहों का साधन करना ही इस समस्या का समाधान है। दूसरी विकट समस्या है, अयनांश की। इस समस्या का भी निदान वराहमिहिर आदि प्राचीन आचार्यों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों के आधार पर साधित अयनांश को अपना कर एक प्रयास किया जा सकता है।

आकाश का अवगमन एवं आकाशस्थ पिण्डों का वेध आदि प्रक्रिया प्रारम्भ कर तदनुसार स्वकीय ग्रहगणित को प्रामाणिक बनाना चाहिये, क्योंकि प्रत्यक्ष होने के कारण वाद-विवाद का अवसर ही नहीं मिलेगा। एक बार गवेषणा की प्रथा के अनुरूप सिद्ध करके तदनुरूप संस्कार परम्परागत विधिविधानों में करना ही एक मात्र विकल्प है। इस सन्दर्भ में प्रमाणों की कमी नही है। नलिकादियन्त्रों के आधार पर ग्रहों के वेध करके बीजसंस्कार करने का सुझाव प्रायः सभी आचार्यों ने प्रस्तुत किया है।

ज्योतिष में वेध एक अनिवार्यपरम्परा है। स्पष्टग्रह के लक्षण यदि सम्यग - समझते है, तो साथ ही इतना भी समझ में आ जाता है कि वेध के अभाव में ग्रहस्पष्टीकरण करना सम्भव नहीं है। इससे यह बात भी पुष्ट हो जाती है, कि आज के विसंगतियों का प्रधान कारण वेधपरम्परा का छूटना ही है। विभिन्न स्रोतों से ग्रह प्राप्त किये जाते है। साथ ही परम्परागत ग्रहों का भी साधन किया जाय और दोनों का वेध के द्वारा पुष्टि कर परम्परागत ग्रहों में अपेक्षित संस्कार किया जाय। उसी परम्परा को आगे ले जाने के उद्देश्य से श्रीभोजराजपञ्चाङ्ग का प्रारम्भ किया गया। इस महनीय पञ्चाङ्ग कार्य में **डॉ.पी.वी.बी.सुब्रमण्यम, प्रो.वासुदेवशर्मा, डॉ. अशोक थपलियाल** आदि मनीषियों का भी महत्त्वपूर्ण अवदान रहा है। एतदर्थ सम्पादकमण्डल इनके प्रति कृतज्ञता अभिव्यक्त करता है।

पञ्चाङ्गपूर्वपीठिका

कलिगताब्द	: 5119	ख्रिस्त सन्	: 2018 - 2019
फसली	: 1425 - 26	शालिवाहन शक	: 1940
हिजरी	: 1439 - 40	विक्रम संवत्	: 2075
सप्तर्षिसंवत्	: 5094	श्री महावीरजैननिर्वाण संवत्	: 2543-2544
श्री बुद्धसंवत्	: 2641-42	भारतीय गणराज्यवर्ष	: 68 - 69

वर्षादिकृत्य

अब्दादौ प्रातरुत्थाय दन्तधावनपूर्वकम्। स्नानं सन्ध्याविधिं कृत्वा वर्णाचारक्रमेण तु।।
अब्दादौ मित्रसंयुक्तो मङ्गलस्नानमाचरेत्। वस्त्रैराभरणैर्देहमलङ्कृत्य ततश्शुचिः।।
अब्दादौ ग्रहपूजाञ्च पूजाञ्च चिरजीविनाम्। मृष्टान्नेन द्विजान् बन्धून् पितॄन् सन्तर्पयेत्ततः।।

वर्षारम्भ के दिन प्रातःकाल में दन्तधावनादि कार्योपरान्त मंगलस्नान करके सन्ध्यादि कृत्य पूरा करने के बाद नववस्त्र धारण करके ग्रहादि का पूजन करना चाहिए। साथ ही बन्धुजन, ब्राह्मण और पितरों को मिष्ठान्नादि से सन्तृप्त करना चाहिए।

प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगृहे कुर्याद्ध्वजारोपणम्। स्नानं मङ्गलमाचरेद् द्विजवरैः सार्धं सुपूजोत्सवम्।। देवानां गुरुयोषिताञ्च विभवाऽलङ्कारवस्त्रादिभिः।सम्पूज्यो गणकः फलञ्च श्रुणुयात्तस्माच्च लाभप्रदम्।। परिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः। सुपुष्पाणि समानीय चूर्णं कृत्वा विधानतः।। मरीचिर्लवणं हिंगुजीरकेण च संयुतम्।
अजमोदयुतं कृत्वा भक्षयेद् रोगशान्तये।। यद् वर्षादौ निम्बसुमं शर्करामलघृतैर्युतम्। भक्षितं पूर्वयामे स्यात् तद्वर्षं सौख्यदायकम्।।

संवत्सरादि फलश्रवण का माहात्म्य

राज्यं स्यादचलं नृपश्रवणतो मन्त्रीश्रवात् कौशलम्। धान्येशाद् कमला स्थिरा च सुरसा वाणी भवेन्मेघपात्।। धर्मे बुद्धिरधिष्ठिता रसपतेर्दीर्घायुषत्वं भवेत्। सस्येशाद् विमला मतिः शुभकरी वर्षावली श्रूयताम्।। अर्थात् वर्षारम्भ में संवत्सर के राजा का फल सुनने से राज्य स्थिर होता है। मन्त्री का फल सुनने से कुशलता बढती है। धान्येश का फलश्रवण से लक्ष्मी स्थिर होती है, मेघाधिपति के फल श्रवण से वाणी रम्य होती है। रसपति के फलश्रवण से धार्मिक बुद्धि होती है, एवं सस्येश के फलश्रवण से दीर्घायु मिलती है। अतः शुभ एवं कल्याणकारी वत्सरावली का श्रवण करना चाहिये।

संवत्सरादि फलश्रवणविधि

उदङ्मुखः प्राङ्मुखो वा दैवज्ञस्य तु सन्निधौ । विघ्नेशं भारतीं खेटान् दैवज्ञं ब्राह्मणान् गुरून्।। सम्पूज्य वत्सरफलं साङ्गोपाङ्गं यथाक्रमम्। विकासवदनो भूत्वा ब्रह्मणो जन्मतः फलम्।। अब्दाधीशचमूनाथसस्यपानां बलाबले। तत्कालग्रहचारांश्च सम्यक् ज्ञात्वा फलं लभेत्।। अर्थात् दैवज्ञ के समीप में पूर्वमुख वा उत्तरमुख होकर गणेश, सरस्वती, नवग्रह, गुरु, ब्राह्मण आदि का पूजन करके सांगोपांग वर्ष का फल सुनना चाहिए।

ब्रह्मायुर्निरूपणम् - श्रीमद्भगवतो विष्णोः नाभिकमलोद्भवस्य ब्रह्मणो ब्राह्ममानेन परमायुः १०० वर्षाणि। ३११०४०००००००००सौरवर्षाणि ब्रह्मणः परमायुः। ब्रह्मणः जन्मादि गतसौरवर्षाणि १५५५२१९७२९४९११९, कल्पादितः गतसौरवर्षाणि १९७२९४९११९, सृष्ट्यादितः गतवर्षाणि १९५५८८५११९, अथ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे सप्तविंशतिमहायुगानि व्यतीतानि। अष्टाविंशमहायुगस्य च कृतत्रेताद्वापराख्ययुगचरणत्रयं व्यतीतम्।

कृतयुगवर्णनम् - कार्तिकशुक्लनवम्यां प्रथमयामे श्रवणनक्षत्रे वृद्धियोगे कृतयुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् १७२८००० सौरवर्षाणि। अस्मिन् युगे श्रीविष्णोः मत्स्यकच्छपवाराहनृसिंहाः चत्वारोऽवताराः। तत्र पापम् ० पुण्यम् २०।

त्रेतायुगवर्णनम् - वैशाखशुक्लतृतीयायां द्वितीययामे रोहिणीनक्षत्रे शोभनयोगे त्रेतायुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् १२,९६००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः वामनपरशुरामरामास्त्रयोऽवताराः। तत्र पापम् ५ पुण्यम् १५।

द्वापरयुगवर्णनम् - माघकृष्णामावस्यायां तृतीययामे धनिष्ठानक्षत्रे वरीयानयोगे द्वापरयुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् ८६४००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः श्रीकृष्णबलरामावतारौ। तत्र पापम् १० पुण्यम् १०।

कलियुगवर्णनम् - भाद्रपदकृष्णत्रयोदश्यां निशीथे कृत्तिकानक्षत्रे व्यतीपातयोगे कलियुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् ४,३२,००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः बुद्धाऽवतारोऽभवत्। कलियुगस्य ८२१ वर्षावशेषकाले कल्क्यवतारो भविष्यति। तत्र पापम् १५ पुण्यम् ५। सम्प्रति कलेः ५११८ सौरवर्षाणि गतानि। भोग्यवर्षाणि ४२६८८२ कलिसंवत् ५११९।

बार्हस्पत्यवर्षफलम् - तत्र बार्हस्पत्यमानेन प्रभवादिषष्ट्यब्दानां मध्ये **विरोधकृत** नाम संवत्सरः, एषः एव सङ्कल्पादौ वर्षान्तं यावत् प्रयोक्तव्यः। तत्र मेषार्कसमये गतमासादयः ०/१९/०६/१४ भोग्यमासादयः ११/१०/५३/४६।। सङ्कल्पादौ वर्षान्तं यावत् कीलकः नाम संवतसरः प्रयोक्तव्यः।

विरोधकृत संवत्सर का फल - विरोधिकृद्वत्सरे तु परस्परविरोधिनः। सर्वे जना नृपाश्चैव मध्यास्सस्यार्घवृष्ट्यः।। अर्थात् विरोधकृत् नाम संवत्सर में राजाओं लोगों में परस्पर विरोध रहता है

इस संवत्सर में मध्य धान्योत्पादन और मध्यम वृष्टि होती है। बृहत्संहिता के अनुसार - यः पञ्चमो रोधकृदित्यथाब्दश्चित्रं जलं तत्र च सस्यसम्पत्। अर्थात् रोधकृत (विरोधकृत्) संवत्सर में विचित्र जल (कहीं - कहीं पर वृष्टि और कहीं पर अवृष्टि) एवं धान्य की उत्पत्ति होती है।

गुरूदयाब्दफलम् - गुरुणा सहोदयनक्षत्रवशाद्वर्ष वैशाखाब्दः। तस्य फलम् - **वैशाखे धर्मपरा विगतभयाः प्रमुदिताः प्रजाः सनृपाः। यज्ञक्रियाप्रवृत्तिर्निष्पतिस्सर्वसस्यानाम्।।** अर्थात् अनुराधा नक्षत्र में गुरु उदय होने के कारण यह वर्ष वैशाखाब्द वर्ष है। इस वर्ष में प्रजा के साथ राजा भयरहित होकर आनन्दित रहते हैं। यज्ञ क्रियायें तथा धार्मिक कार्य निरन्तर चलते हैं एवं सभी प्रकार के धान्योत्पादन होते हैं।

वर्षाधिपति व फल - सौम्यदैवतं युगं पञ्चसंवत्सराणां मध्ये इद्वत्सरः, तस्याधिपः रुद्रदेवता। संवत्सरस्य नृपः रविः। तस्य वाहनम् अश्वः। वर्ष का स्वामी सूर्य है। **वर्ष स्वामी सूर्यफल - अन्योन्यवैरं क्षितिपालकानां नात्याम्बु मुञ्चन्ति बलाहकाश्च।भूपाद्भायं शस्त्रभयं प्रजानां लोकेऽग्नि बाधाब्दपतौ पतङ्गे।।** वर्षेश सूर्य होने से राजाओं में परस्पर वैर होता है। तथा उत्पातादि के द्वारा अधिक वृष्टि नही होती है । प्रजा में राजभय, शस्त्रभय तथा अग्निभय की सम्भावना रहती है । **नागः -** द्वादशनागानां मध्ये नरेन्द्रभुजगेन्द्रः। फलम् - **बहुवृष्टिः।** अर्थात् द्वादशनाग के मध्य में नरेन्द्रभुजगेन्द्र होने से पर्याप्त वर्षा होती है। **रोहिणीवासः -** सन्धौ, फलम् - **खण्डवृष्टिः।** समयनिवासः -वैश्यगृहे। रोहिणीवास सन्धि में एवं वैश्यगृह में होने से खण्ड वृष्टि होती है। **वायु, तटित्, समुद्र, शेष -** सप्तवायूनां मध्ये उद्वाहः वायुः, फलम् - उद्वाहे तु सुवृष्टिः स्यात्, तटितसंज्ञक विद्युत् मध्या वृष्टिर्विद्युति। तत्र चतुर्विधसमुद्राणां मध्ये- घृतोदधौ सुभिक्षं स्यात्। गर्जितानां मध्ये-अब्दः, फलम्- अब्दश्चैव सुभिक्षकृत्, अष्टभूवाहक शेषानां मध्ये-विराटः, फलम् - भूमिवाहे विराटे तु भूमिः स्वस्य सुभिक्षकृत्। अर्थात् विराट नामक भूवाहक शेष होने पर भूमि में सुभिक्ष एवं सभी मनुष्य स्वस्थ रहते है। **पशुपालक और उसका फल - "भानौ भौमे यमो राजा"** अर्थात् इस वर्ष पशुपालक यम हैं। इस कारण पशुहानि, अल्पवृष्टि गोदुग्ध में कमी होती है। अपि च - अनर्घश्चाल्पवृष्टिश्च स्वल्पक्षीरं तथा गवाम्। पशुपीडा भवेन्नित्यं यमे तु पशुनायके।।

राजा मन्त्री आदि की निर्णयविधि - चैत्रस्य शुक्लप्रतिपत्तिथौ यो वारः स उक्तो नृपतिस्तदब्दे। मेषप्रवेशः किल भास्करस्य यस्मिन्दिने स्यात् स तु राजमन्त्री।। कर्कसङ्क्रान्तेर्यो वारः स अग्रधान्येश्वरः। धनुसङ्क्रान्तेर्यो वारः स पश्चिमधान्येश्वरः।। कर्कप्रवेशे दिनपस्य वारः सस्यस्य नाथो मुनिभिः पुराणैः। आर्द्राप्रवेशे दिननाथ उक्तो मेघाधिपः प्राक्तनविप्रवर्यैः।। सिंहसङ्क्रान्तिवारेशो दुर्गेशः परिकीर्तितः। कन्यासङ्क्रान्तिदिनपो धनेशः परिकीर्तितः।। तुलाप्रवेशेऽहनि यस्य वारो रसाधिपोऽयं नियतः प्रदिष्टः। चापप्रवेशे दिवसाधिनाथे धान्याधिपो वै कथितो मुनीन्द्रैः।। नक्रसङ्क्रान्तिदिनपः फलेशः परिकीर्तितः।। **राजादिश्रवणमाहात्म्यम् -** यशःश्रृणोति मधुशुक्लपक्षके वर्षनाथसचिवादिकं फलम्। प्राप्नुयाद्दुरितमुक्तविग्रहः चायुरर्थमतुलं यशस्सुखम्।। राजा सूर्यफलम्- अन्योन्यवैरं क्षितिपालकानां नात्यम्बुमुञ्चन्ति बलाहकाश्च।भूपाद्भयं शास्त्रभयं प्रजानां लोकेऽग्निबाधाब्दपतौपतङ्गे।।

शनिफलम्- मध्यवृष्टिमन्दस्य सर्वे पापरता नराः।प्रजापीडा भवेन्नित्यं सूर्यपुत्रे तु मन्त्रिणा।।

अर्घेशशुक्रफलम्- अर्घाधिपे यदा शुक्रे सर्वधान्यर्घवृष्ट्यः। श्वेतधन्यं सुफलितं सुभिक्षं स्याच्च भूतले।।

सस्येशचन्द्रफलम्- जलधान्यानि सर्वाणि स्थलधान्यानि यानि च। कृक्षजातिस्सुफलिता चन्द्रे सस्याधिपे सति।।

सेनाधिपशुक्रफलम्- सुवृष्टिरत्यन्तसमृद्धसस्यं सुभिक्षमर्घो बहुलो धरित्र्याम्।
नराः स्त्रियः कामरताः प्रवृत्तास्सैन्याधिपत्ये खलु भार्गवस्य।।

रसेशबुधफलम्- घृततैलगुडक्षौद्र ये चान्ये मधुरादयः।अर्घविद्याप्रजायन्ते बुधे यदि रसाधिपे।।

धान्येशरविफलम्- मध्यावृष्टिः फलं स्वल्पम् अनर्घश्च महद्भयम्।
रक्तसस्यानि जायन्ते सूर्यधान्याधिपे सति।।

नीरशेषभोमफलम्-नीरसपेक्षितितनये नीरसवृक्षाश्च पुष्पफलिताःस्युः।स्वर्णमणिरक्तचन्दनकाष्टादीनां महर्घताशून्यम्।।

मेघेशशुक्रफलम्- अतिवृष्टिस्सुभिक्षं च सस्यवृद्धिर्निरामया। क्षीरप्रदास्सदा गावश्शुक्रे मेघाधिपे सति।।

राजा	मन्त्री	अर्घेश	सस्येश	सेनाधिप	रसेश	धान्येश	नीरसेश	मेघेश
रवि	शनि	शुक्र	चन्द्र	शुक्र	बुध	रवि	भौम	शुक्र

अथ सूर्यस्यार्द्रानक्षत्रे प्रवेशकालविचारः- प्रवेशकाले यदि रौद्रभस्य वृष्टिर्भवेदीतिरनर्घता च। शेषेषु पादत्रितयेषु भीतिरत्यल्पवृष्टिर्महती गदा च।। आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करते समय यदि वर्षा होती है तो अनर्घता अर्थात् मन्दी जानना चाहिए। आर्द्रा नक्षत्र के द्वितीय चरण में वृष्टि होने पर भय, तृतीयचरण में अत्यल्पवृष्टि तथा चतुर्थचरण में भयंकर रोग की सम्भावना बनती है। **आर्द्रा प्रवेशे वृष्टिरश्चेद्दिवा वा यदि वा निशि। स्तोकवृष्टिरनर्घत्वमवृष्टौ सस्यसम्पदः।।**
आर्द्रायाः प्रथमे पादे यदि वर्षति वासवः। तुषारमल्पवृष्टिः स्यादित्येव केचिदूचिरे।।
सूर्ये मेषगते वृष्टिरार्द्रायाश्चाद्यपादके एकादशसु ऋक्षेषु त्रिपक्षे वृष्टिनाशनम्।।
विक्रम संवत् २०७५ शाके १९४० ज्येष्ठमासे शुक्लपक्षे दशम्यां तिथौ चित्रानक्षत्रे परिघयोगे तैतिलकरणे शुक्रवासरे २२जून २०१८ दिनाङ्के मार्तण्डमण्डलोदयादिष्टकालः १३/५०(घं.१ ५० मि.) कन्यालग्ने वृश्चिराशौ तुलानवांशे च सूर्यस्यार्द्रा नक्षत्रे प्रवेशः।

अथ प्रवेशकालफलविचारः- दशम्यां शुभदः प्रोक्तः। शुक्रे कान्तिकरः। चित्रायां चित्रधान्यदः। परिघे त्वर्थनाशः। कन्यायां मध्यवृष्टिकृत्। तैतिले शुभकृन्नित्यम्
षण्मण्डलेषु प्रथममण्डलम् - आर्द्राप्रवेशे सूर्यस्य चन्द्रः पित्र्यादिपञ्चके। तृतीये मण्डले तिष्टन् मध्यवृष्टिफलप्रदः।।

आर्द्राप्रवेश कालिक ग्रहस्थिति



विक्रमसंवत् २०७५ शक १९४० ज्येष्ठशुक्लपक्ष (शुद्ध) में शुक्लपक्ष दशमीतिथि, शुक्रवार चित्रानक्षत्र परिघ योग में दिनांक २२ जून २०१८ में ११घ.११मि. पर सिहं लग्न में आर्द्राप्रवेश हो रहा है। लग्नेश सूर्य के एकादश भाव में बुध के साथ मिथुनस्थ होने से अच्छी वर्षा की सम्भावना है तथा जलकारक शुक्र के चर राशि में द्वादशस्थ में होने से वर्षा में कहीं कहीं अधिकता होगी तथा द्वादशस्थ राहु के कारण कुछ क्षेत्रों में वृष्टि की न्यूनता भी सम्भावित है। मेघेश शुक्र होने से धान्योत्पादन में वृद्धि होगी तथा काली वस्तुओं (धान्यादि) का उत्पादन अधिक होगा। मंगल का षष्ठभाव में उच्चस्थ होने से तथा केतु के साथ होने से राज्यों में वैचारिक मतभेद एवं विद्रोह की सम्भावना है। बलशाली देश का वर्चस्व रहेगा। धार्मिककार्यों के प्रति लोगों की आस्था रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ राष्ट्र निर्माण में सन्त-महात्माओं का विशेष योगदान रहेगा। राजा सूर्य एवं मन्त्री शनि होने से प्रजा व शासकवर्ग में विरोधभास होता रहेगा।

मेघादि निर्णय और फल - अस्मिन्नब्दे आवर्तादिनवमेघानां मध्ये द्रोणो नामको मेघः। तस्य फलम् - द्रोणे पूर्व तथैव च। आढकादि निर्णय और फल- द्वयाढकं रविभौमौ। तत्र **आढक प्रमाणम् -** षष्टियोजन विस्तीर्णं शतयोजनमुन्नतम्। आढकस्य प्रमाणं तु देवमानेन गण्यते।।
द्रयाढकभागनिर्णयः - दशभागास्समुद्रेषु भूधरेषु च सप्त च। द्वौ भागौ भुविपर्जन्यश्चैवं वर्षति च त्रिधा।।

सप्तफणिचक्रं सप्तनाडीचक्रं वा

नाडीनाम	स्वामी	सौम्ययाम्यादिसंज्ञा	नक्षत्राणि
चण्डा	शनि	याम्य	कृत्तिका, विशाखा, अनुराधा, भरणी
वाता	रवि	याम्य	रोहिणी, स्वाती, ज्येष्ठा, अश्विनी
दहना	मंगल	याम्य	मृगशिरा, चित्रा, मूल, रेवती
सौम्या/शुद्धा	गुरु	मध्यम	आर्द्रा, हस्त, पू.षा, उ.भा.
नीरा/धीरा	शुक्र	सौम्य	पुनर्वसु, उ.फा., उ.षा., पू.भा.
जला	बुध	सौम्य	पुष्य, पू.फा., अभिजित, शतभिषा
सुधा	चन्द्र	सौम्य	आश्लेषा, मघा, श्रवण, धनिष्ठा

आर्द्रा प्रवेशकालिकग्रहाणां नाडीसु संस्थितिवशाद् फलविचारः

ग्रहाः	नाडीनाम	संज्ञा	ना.स्वामी	फलम्
सूर्य	सौम्या	मध्यम	गुरु	मध्यमजलवर्षणम्
चन्द्र	दहना	याम्य	मंगल	अग्निभयम्
मङ्गल	सुधा	सौम्य	चन्द्र	मध्यमजलवर्षणम्
बुध	नीरा	सौम्य	शुक्र	वृष्टिदः
गुरु	वाता	याम्य	रवि	वायुभयम्
शुक्र	जला	सौम्य	बुध	वृष्टिदः
शनि	दहना	याम्य	मंगल	अग्निभयम्
राहु	जला	सौम्य	बुध	मध्यमजलवर्षणम्

ग्रहोदयास्तादि में विशेष वृष्टिनिर्णय

प्रायो ग्रहाणामुदयास्तकाले समागमे मण्डलसंक्रमे च। पक्षद्वये तीक्ष्णकरायनान्ते वृष्टिर्गतेऽर्के नियमेन चार्द्रात्।। प्रायः भौमादि पञ्चताराग्रहों के सूर्य सान्निध्य के कालांश वश होने वाले उदय एवं अस्त काल में, चन्द्रमा के साथ ग्रहों के समागम में सङ्क्रान्ति काल में, दोनो पक्षों के आदि में, उत्तरायणारम्भ एवं दक्षिणायनारम्भ में आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करने के दिन वर्षा होने की सम्भावना रहती है। **समागमे पतति जलं ज्ञशुक्रयोर्ज्ञजीवयोर्गुरुसितयोश्च संगमे। यमारयोः पवनहुताशजं भयं यदि द्वयोरसहितयोश्च सद्ग्रहैः।।** चन्द्र के साथ भौमादि ग्रहों के समागम में, बुध और शुक्र, बुध और गुरु तथा गुरु और शुक्र की युति होने पर भी वर्षा की सम्भावना बनती है। यदि मङ्गल व शनि की युति हो रही हो एवं अन्य कोई शुभग्रह उनके साथ न हो तो वायु एवं अग्नि से भय उत्पन्न होता है।

ग्रहकृत् वृष्टियोग - वर्षा ऋतु में शुक्र से सप्तम चन्द्र हो और शुभ ग्रहों की दृष्टि हो अथवा

शनि से पाँचवें, सातवें घर या नवम में चन्द्र हो तो वर्षा होने का योग होता है। जब सब ग्रह सूर्य के पीछे होकर आगे हो जायें तो पृथ्वी पर जल की वर्षा हो। आगे की राशि पर मङ्गल हो और पिछली राशि पर सूर्य हो तो वर्षा नहीं होती। वर्षाकाल में ४, १०, १२ लग्न में शुक्र हो या शुक्लपक्ष में शुक्र केन्द्र में हो तथा शुक्र पर शुभ दृष्टि हो तो इच्छानुसार जल वर्षा। शुक्र पर पाप दृष्टि हो तो अल्प वर्षा हो। चन्द्रमा से यदि ५,७ स्थान में मङ्गल शनि हो तो प्रचण्ड वायु युक्त वर्षा भूमि पर होती है। जलराशि में स्थित चन्द्रमा हो सप्तम या नवम में शनि या मङ्गल हो तो अधिक वर्षा होती है। सूर्य के आगे स्थित ग्रहान्तरित शुक्र प्रचुर वृष्टि करता है। इसी प्रकार सूर्य के आगे या पीछे स्थित बुध एवं शुक्र अत्यन्त समीपस्थ हो तो प्रचुर वृष्टिकारक होते हैं। शुक्लपक्ष का चन्द्र जलराशि में हो या प्रश्नलग्न के केन्द्र में सूर्य से सप्तम शुक्र व शनि यथाक्रम से होवें या चौथे घर में और आठवें घर में होंवे या लग्न से इन्हीं घरों में होवें या लग्न से ३, १०, ११ घर में हो तो वर्षाकाल में वर्षा होती है। बुध शुक्र का समागम (एक राशि में) हो या गुरु शुक्र का समागम हो या बुध गुरु का समागम हो तो निःसन्देह वर्षा होगी। वर्षाकाल में चन्द्र यदि जलराशि कर्क, कुम्भ, मीन, कन्या और मकर के उत्तरार्ध में लग्न या केन्द्र में हो शुभग्रहों की दृष्टि हो तो बहुत वर्षा होती है। यदि चौमासे के दिन में चन्द्र को शुभग्रह देखें या शुक्र ९, ५, ७ राशि में आवे तो उस दिन वर्षा होगी।

शनिचारवश फल - इस वर्ष शनि वर्षारम्भ से ०४ जून २०१८ तक मूल नक्षत्र में संचरण करेगा। तथा २७ नवम्बर २०१८ से वर्षान्त तक पूर्वाषाढा नक्षत्र में रहेगा। ज्येष्ठा,मूल और पूर्वाषाढा में संचरण होने से शासकवर्ग, पुरोहित व शिक्षक वर्ग, उत्तरपूर्वी भारत के लोगों एवं सैनिकों को कष्ट तथा फल औषधि इत्यादि की हानि होती है। अङ्ग, वङ्ग, कौसल,गिरिव्रज, मगध, पौण्ड्र, मिथिला के लोगों को कष्ट होता है। अपि च- ज्येष्ठासु नृपपुरोहितनृपसत्कृतशूरगणकुलश्रेण्यः। मूले तु काशिकोसलपाञ्चालफलौषधीयोधाः।। अपि च - मन्दे स्थिते धन्विति वृष्टिहानिः स्याद्भूपतीनां कलहो न चार्धः। पाञ्चालकाशीकुरुकोसलाश्च नष्टाश्च काश्मीरकलिङ्गवङ्गाः।। अपि च - मूले तु काशिकोसलपाञ्चालफलौषधीयोधाः। आप्येऽङ्गवङ्गाकोसलगिरिव्रजामगधपौण्ड्रमिथिलाश्च। उपतापं यान्ति जना वसन्ति ये ताम्रलिप्यां च।।

अथ वर्षधान्यप्रमाणानि - वर्षम् - ११, धान्यम् - ७, शीतम् -१३, तृणम् - ११, उष्णम् - १७, मारुतः - १३, प्रजावृद्धि - १५, प्रजाक्षय - १५, राजविडवरम् - ५, उग्रम् - ५, पुण्यम् - ५, पापम् - ५। **व्याधयः - ११,** उपवशमनम् - ११, आचारः - १७, अनाचारः - १७, मरणानि - १५, जन्मानि - १५, देशोपप्लवः - ३, देशस्वास्थ्यम् - १५, चोरभयम् - ९, चोरनाशनम् - १५, अग्निभयम् - ३, नाशः - ९, मृगोपद्रवः - १९, मृगक्षयः - १५, कीटभयम् - ३, कीटनाशनम् - १३, मूषकवृद्धिः - १५, नाशः - ९, सर्पवृद्धिः - १३, नाशः - ११, कामः - ३, लोभः - ७, मोहः - ७ मदः - ३, मत्सरः - १३, सुखम् - ३, दुःखम् - ७, भोगः - ९, विडम्भः - ९, मनोव्यथा - ७, द्वेषः - ३, प्रतिष्ठा - १५, अप्रतिष्ठा - ९, द्यूतम् - १९, प्रमादः - ११, नरोत्पत्तिः - १९, स्त्र्युत्पत्तिः - ९, धातुवादः - १५, भयम् - ३, शौर्यम् - ७, दुष्टनिग्रहः - ११, शिष्टप्रतिपालनम् - १५, सत्यम् - १९, असत्यम् - ५, विश्वासः - ७, अविश्वासः - ९, दया - ११, निर्दया - १३, न्यायः - १५, अन्यायः - १७। **गोमायुवृद्धिः - १,** नाशः - ५, सस्यकीटवृद्धिः ९, क्षयः -९, शलभोद्भवः - १, नाशः - १, मशकवृद्धिः - १, मशकनाशः - ५, मत्कुणवृद्धिः - ३, नाशः - ५, वृश्चिकवृद्धिः - ७, नाशः - ७, व्याघ्रवृद्धिः - १३, नाशः - ७। **सस्यवृद्धिः - ४,** नाशः - ६, शुकवृद्धिः - ४, नाशः - ७, पिकवृद्धिः - ७, नाशः - ७, कुक्कुटवृद्धिः - ८, नाशः - ८। **खगवृद्धिः - २,** नाशः - १, धेनुवृद्धिः - ५, नाशः - १, महिषवृद्धिः - ५, नाशः - ६, मृगवृद्धिः - १, नाशः - ४, छागवृद्धिः - ४, नाशः - १, अश्ववृद्धिः - ३, नाशः - ३, गजवृद्धिः - १, नाशः - १, अष्टवृद्धिः २, नाशः - २, विप्रवृद्धिः -३, नाशः - २, क्षत्रियवृद्धिः - ५, नाशः - ६, वैश्यवृद्धिः - ४, नाशः - १, शूद्रवृद्धिः -५, क्षयः - ३, म्लेच्छवृद्धिः - २, नाशः - ४, संकरवृद्धिः -३, नाशः - १, वज्रवृद्धिः - ३, वैदूर्यवृद्धिः - ५, गोमेधवृद्धिः - २, पुष्पवृद्धिः ३, मरकतवृद्धिः - ४, माणिक्यवृद्धिः -५, नीलवृद्धिः - १, प्रवालवृद्धिः - १, मौक्तिकवृद्धिः - १। **सुवर्णवृद्धिः - ६,** रजतवृद्धिः - २, ताम्रवृद्धिः - ८, कांस्यवृद्धिः - २, लोहवृद्धिः - १२, अयोवृद्धिः - ८, त्रपुवृद्धिः - १०, सीसावृद्धिः -१०, रसवृद्धिः - ६। **विद्युत् - ४,** शिलापातः - ३, मर्जितम् - ०। **ज्ञानम् - ५,** अज्ञानम् - ५, कापट्यम् - ३, निष्कापट्यम् - १३, धार्मिकत्वम् - ७, अधार्मिकत्वम् -१३। **स्वप्नम् - ६,** सुषुप्तिः - २, जाग्रत् - ८, पिशुनः - २, क्रोधः - १२, संगमः - ८, ज्ञानम् - १०, अज्ञानम् - १०, भुक्तिः - ६, धान्यम् - ०। **अण्डजवृद्धिः - ११,** स्वेदजवृद्धिः - ७, उद्भिजवृद्धिः - १३, जरायुजवृद्धिः - ७, स्थावरवृद्धिः - १७, जङ्गमवृद्धिः - १३। **व्रीहिवृद्धिः - ८,** शालिकः - ८, कुलुत्थः - ८, तिलः - १२, माषः १०, मुद्गरः - ६, सर्षपः - २, चणकः - १४, आढकम् - १४, गोधूमः - १२, कोद्रवः, ४, प्रियंगुः - १०, यावानलः - १२, श्यामाकः - ६, राजमाषः - १४, नीवारः - १६, शिम्बीधान्यम् - १२। **कांस्यवृद्धिः -** ११, लोहः - १७, अयः - ११, त्रपुः - १५, सीसः - ५, रसः - १७, गोमायुः - ११, इद्रचापः - ५, प्रतिभानुः - ३, उल्कापातः - ९, परिवेशः - ११, दिग्दाहः ११, भूकम्पः - ११, निर्घातः - १३, गन्धर्वनगरम् - ०३, देवतोत्पातः - १३, जन्तूत्पातः - ५, सन्ध्या - ९, ग्रहकूटम् - ११, ग्रहयुद्धः - ७, सूर्यचन्द्रोपरागः - १३, गृहारिष्टम् - १५, मधोर्जन्मः - १३, वल्मिकोत्पत्तिः - ७, जन्मभूमौशिथली - १३, जलोद्भवः - १७, देहव्रणः - ३, स्पन्दनम् - १७, सुस्वप्नम् - १५, दुःस्वप्नम् - ११, रोगजातः - ५, औषधोत्पत्तिः - १३, प्रजारोग्यम् - ५, भूमिवर्षा - ११। **क्षुधा -** ९, तृष्णा - ३, निद्रा - ११, आलस्यम् - ५, उद्योगः ११, शान्तः - १३, क्रोधः - ११, दम्भः - ३, मित्रभेदः - १, मैत्री - १३, रसनिष्पत्तिः - ७, फलनिष्पत्तिः - ११, उत्साहः - ९, प्राणिसौख्यम् - ०।

सौरार्घविचारः - सूर्यसङ्क्रान्तिवारर्क्षतिथियोगो नवैर्हृतः। एकादिशेषे त्वत्यर्घसमशून्यार्घकाः क्रमात्।। इत्यनुसारं मेषार्कमासे (सौर वैशाखे) अत्यर्घः, वृषार्कमासे (सौरज्येष्ठमासे) अत्यर्घः, मिथुनार्कमासे (सौराषाढमासे) शून्यार्घः, कर्कार्कमासे (सौरश्रावणमासे) शून्यार्घः, सिंहार्कमासे (सौरभाद्रपदमासे) अत्यर्घः, कन्यार्कमासे (सौर-आश्विनमासे) समर्घः, तुलार्कमासे (सौरकार्त्तिके) अत्यर्घः, वृश्चिकार्कमासे (सौरमार्गशीर्षमासे) शून्यर्घः, धन्वर्कमासे (सौरपौषमासे) शून्यार्घः, मकरार्कमासे (सौरमाघमासे) समर्घः, कुम्भार्कमासे (सौरफाल्गुनीमासे) शून्यार्घः, मीनार्कमासे (सौरचैत्रमासे) समर्घः इति विजानीयात्।

मकरसङ्क्रान्तिविचारः

मकरसङ्क्रान्तिमाहात्म्यम् - मकरस्थे तीक्ष्णभानौ धान्यदानं करोति यः। तेजस्वी रूपवान् मर्त्यस्सार्वभौमः प्रजायते। सङ्क्रान्तौ यानि दत्तानि हव्यकव्यानि भारत। तानि दत्तं ददात्यर्कः पुनर्जन्मनि जन्मनि।। सङ्क्रान्ति पुरुषोत्पत्तिकाले दानं स्वशक्तितः। फलं कांस्यादि धान्यादि दीयते दुष्टनाशभाक्। तिलस्नायी तिलोद्वर्ती तिलहोमी तिलोदकी। तिलभुक् तिलदाता च षट्तिलाः पापनाशकाः।। फलानि मूलान्यजिनं सुवर्णं ग्रामांशुकाज्यं सतिलेक्षुगावः। धान्यं खराशौ मकरप्रवेश एतानि दानानि विशेषकानि।।

मकरसङ्क्रान्तिकालविवरणम् - विक्रम संवत २०७५ शाके १९४० दक्षिणायने हेमन्तर्तौ पौषशुक्लपक्षे अष्टमीतिथौ अश्विनीनक्षत्रे सिद्धयोगे कौलवकरणे सोमवासरे श्रीमार्तण्डमण्डलोदयादिष्टकालः ३१/४७ कर्क लग्नोदये निरयणमकरादौ भारतीयमानकसमयानुसारं सूर्यस्य प्रवेशः। ख्रीष्टदिनाङ्कानुसारम् १४-०१-२०१९ सायं १९-५१ वादने मकरसङ्क्रमणकालः। सङ्क्रान्तिपुण्यकालः————————

शुक्लपक्षे मकरसङ्क्रान्तिफलम् - शुक्लपक्षे यदा पौषे मकरस्थो दिवाकरः। प्रजानां व्याधिपीडा च नृपाणां समरं भवेत्। अष्टम्यां धराभिवृद्धिः। सोमवासरे सुभिक्षम्। मतान्तरेण - **मृग्विन्दुगुरुसौम्येषु यदा संक्रमते रविः। सुवृष्टिः क्षेममारोग्यं बभूवुः सस्यसम्पदः।। सन्ध्यायां -** गोवृषध्वंसी। **सङ्क्रान्तिनाम -** ध्वांक्षी। **स्नानम् -** चन्दनेन आरोग्यम्। **वस्त्रम् -** श्वेतवस्त्रम्। **गन्धः -** अगरुगन्धेन आरोग्यम्। **पुष्पम् -** मल्लिकापुष्पेण यशोवृद्धिः। **छत्रम् -** पीतवस्तुनाशः। **आभरणम् -** रजताभरणम् - रजतस्य नाशनम्। **आहारः -** भक्ष्याहारः - विस्फोटकभयम्। **फलभक्षणम् -** आम्रफलभक्षणेन सुखम्। **वाहनम् -** उत्तरवाहनम् उदीच्यां गमनं यत्र सर्वं सस्यं समर्घता। **आयुधफलम् -** तोमरे सङ्ग्रामः। **यानफलम् -** वणिजे स्यान्नभस्वति, फलम् - आकाशे विनाशनम्।

वर्षलग्नकुण्डली



विरोधकृत नामक संवत्सर विक्रम संवत् २०७५ शक १९४० का प्रवेश चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में सायं १८ घ. ४२ मि. उ.भा. नक्षत्र शुक्लयोग में द्विस्वभाव कन्या लग्न में हुआ है। लग्नेश बुध सप्तमभाव में सूर्य, चन्द्र एवं शुक्र ग्रहों के साथ स्थित है। इसलिए संचारसाधनों में वृद्धि के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को प्रभावित करेगा। पञ्चमभाव में केतु के होने से कम्प्यूटर क्षेत्र में रुचि वाले लोगों को तथा प्रबन्धन क्षेत्र में लाभ होगा। चतुर्थभाव में मंगल और शनि की युति होने से सीमा पर विवाद की स्थिति बनेगी। भारत देश अपनी सीमा सुरक्षित करने में सफल होगा। सप्तमभाव में शुक्र के उच्चस्थ होने से तथा चन्द्र-सूर्य-बुध का योग होने से महिला शक्ति (नारी शक्ति)के लिए वर्ष लाभप्रद रहेगा। महिलाओं का सम्मान बढेगा। एकादश भाव में राहु का कर्कराशि में होने से देश के लिए विशेष लाभ होगा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ आयेगी। बीच-बीच में राजा सूर्य और मन्त्री शनि होने से प्रजा तथा शासक में वैचारिक मतभेद रहेगा एवं विश्व में आतंकवादी अप्रिय घटनाओं के द्वारा तनावपूर्ण स्थिति तथा युद्धजन्य घटनाएँ सम्भावित हैं।

जगल्लग्नकुण्डली(दि.१३/१४-४-२०१७ स.२६.०४)



जगल्लग्नकुण्डली के अनुसार लग्न में वृष राशि स्थिरराशि है। लग्नेश शुक्र के द्वादशभाव में सूर्य के साथ होने से तथा गुरु की दृष्टि शुक्र पर होने से कुशल प्रशासकों का देश पर नियन्त्रण रहेगा तथा असामाजिक तत्त्वों पर नियन्त्रण रहेगा। तृतीयस्थ राहु होने से वैदेशिक सम्बन्धों में तटस्थता होगी। आतंकवाद पर नियन्त्रण रहेगा। गुरु के **षष्ठभाव** में होने से शत्रु (आतंकवादी/नक्सलवादी) पराजित होंगे। बुद्धिमान् लोगों का सम्मान बढ़ेगा। बुद्धिजीवी लोग देश व विदेश नीति में समरूपता के साथ क्रियान्वयन करेंगे। मंगल और शनि की युति अष्टमभाव में होने से अग्निसम्बन्धी घटनाएँ, समाज के वर्ग में असंतुलन (हड़ताल) मृत्युसम्बन्धी अप्रिय घटनाएँ भी सम्भावित हैं। केतु के नवमभाव में होने से देश में विज्ञान के क्षेत्र में कम्प्यूटर-प्रबन्धनादि क्षेत्र में विशेष उन्नति होगी। प्रशासक नीति व नियम से कार्य करेंगे। प्रजा व शासक में यदा कदा मतभेद भी सम्भावित है। किन्तु बुद्धीजीवी लोग सही दिशा निर्देशन करेंगे व विश्व में जटिल समस्याओं का निराकरण होगा तथा देशों में वैमनस्यता की भावना में वृद्धि होगी। विश्वशान्ति के लिए साधु-सन्तों का विशेष योगदान रहेगा। तथा धार्मिक कार्यों में लोगों की रुचि बढ़ेगी।

कूर्मचक्रविचार -

सौरि: स्वदेशगो यत्र तत्र यत्नेन रक्षयेत्। परदेशस्थिते कुर्याद्विग्रहं पृथिवीपति:।।
यत्रस्थ: पीडयेत्तत्र वेधस्थाने तथैव च । देशनामर्क्षग: सौरिर्भगदाता न संशय:।।(नरपतिजयचर्या)

वर्षारम्भ से शनि ५ जून २०१८ तक ज्येष्ठा नक्षत्र में रहेगा तथा ६ जून २०१८ से २७ नवम्बर २०१८ से वर्षान्त तक पूर्वाषाढा नक्षत्र में रहेगा। कूर्मचक्रानुसार पश्चिम दिशा में मणिवान् पर्वत, मेघवान्, वनौघ, क्षुरार्पण, अस्तगिरि, अपरान्तक, शान्तिक, हैहय, प्रशस्ताद्रि, वोक्कण, पञ्चनद, रमठ, पारत, तारक्षिति, जुङ्ग, वैश्य, कनक, शक आदि देशों में प्राकृतिक प्रकोप सूखा युद्धादि की सम्भावना रहती है। यथा - **अपरस्यां मणिवान् मेघवान् वनौघ: क्षुरार्पणोऽस्तगिरि:। अपरान्तकशान्तिक-हैह्यप्रशस्ताद्रिवोक्काणा:।। पञ्चनदरमठपारततारक्षितिजुङ्गवैश्यकनकशका:। निर्मर्यादा म्लेच्छा ये पश्चिम दिक् स्थितास्ते च।**(बृ.सं.नक्षत्रकूर्म.अ.श्लो. २०, २१)

जन्मराशि के आधार पर विभिन्न फल विचार - इस वर्ष में विभिन्न राशियों के लिए आय एवं व्यय का मान यहाँ प्रस्तुत है - **आय और व्यय चक्र**

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	०२	११	१४	०८	११	१४	११	०२	०५	०८	०८	०५
व्यय	१४	०५	०२	०२	११	०२	०५	१४	०५	१४	१४	०५

आयैक्यम् - ९९ व्ययैक्यम् - ९३

आयव्ययाभ्यां शुभाशुभफलज्ञानस्य विधि: - आयं व्ययं समीकृत्य एक ह्रीनं तु कारयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागं शेषाङ्के फलमादिशेत्।। लाभ:सौख्यं तथा क्लेशो रोगो लोकापवादनम्। सम्मानं विजयो हानि: कथितं पूर्वसूरिभि:।। अर्थात् अपनी राशि के अनुसार आय एवं व्यय अङ्को को जोड़कर १ घटा दें। शेष को ८ से भाग दें, यदि शेष १, २, ६, ७ रहे तो वर्ष में अच्छा लाभ है। ३, ४, ५ या ८ शेष रहे तो लाभ से अधिक व्यय होने से परेशानियाँ बढेंगी अर्थात् शेष १ रहे तो लाभ, २ में सौख्य, ३ में क्लेश, ४ में रोग, ५ में मिथ्या अपवाद, ६ में सम्मान, ७ में विजय, ८ में अथवा ० में हानि समझनी चाहिए।

राजपूज्य एवं अवमान -

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
राजपू.	०५	०१	०४	००	०३	०६	०२	०५	०१	०४	००	०३
अवमा	००	०३	०३	०६	०६	०६	०२	०२	०५	०५	०१	०१

यथा - सिंहस्य मेषादिराशिसंख्या ५ राज्ञ:, भौमस्य ध्रुव: ०८ तयोर्योग: १३ त्रिगुण: ३९ पञ्चयुत: ४४ मुनिभिर्भक्तो लब्धं ०६ शेषं ०२ इदमेव राजपूज्यम्। लब्धं ०६ त्रिगुणं १८ शरयुतं २३ सप्तभिर्भक्तशेषं ०२ इदमवमानम्।

शनि का साढेसाती इत्यादि का फल - शनि अपने प्रवेश राशि एवं आगे व पीछे रहने वाली दोनों राशियों को अपने शुभाशुभप्रभाव से विशेषरूप से प्रभावित करता है। कहा जा सकता है कि जन्म राशि से शनि बारहवें और दूसरे स्थान पर रहेगा तो साढेसाती होती है। जो दु:ख कारक है। शनि एक राशि में प्राय: (२.५) ढाई वर्ष रहता है। इस प्रकार एक राशि पर शनि का कुलप्रभाव (७.५) साढे सातवर्ष तक रहता है इसे ही शनि की साढे साती कहते हैं। शनि जिस राशि में स्थित है उस राशि से छठवीं एवं दशवीं राशि को भी प्रभावित करता है। अत: इन राशियों पर शनि का प्रभाव (२.५) वर्ष तक रहता है। इसे ही ढैया या अढैया के नाम से जाना जाता है। **पादविचार -जन्माङ्गरुद्रेषु सुवर्णपादं द्विपञ्चनन्दै: रजतस्य पादम्। त्रिसप्तदिक्ताम्रपदं वदन्ति वेदाष्टचार्केष्विह लौहपादम्।।** अर्थात्-यदि जन्मराशि से गोचरीय शनि के राशिपरिवर्तन के दिन की चन्द्रराशि पहले, छठे और ग्यारहवें में हो तो सुवर्ण पाद। दूसरे, पाँचवें और नवें में हो तो रजतपाद। तीसरे, सातवें और दशवें में हो तो ताम्रपाद। चौथे, आठवें और बारहवें में हो तो लौहपाद होता है। **शनि पादफल -लौहे वित्तविनाश: स्यात्सर्वसौख्यञ्च काञ्चने। ताम्रे च समता ज्ञेया सौभाग्यं रजते भवेत्।। अनिष्टफलदायकशनेर्जप: कार्य:, लौहञ्च धार्यम्। शनावश्वत्थमूले जलादिभि: पूजनं शनिस्तवश्च पठितव्य:।।** यदि जन्मराशि से सूर्य, राहु, शनि और मंगल ये ग्रह दूसरे, पहले, पाँचवें, सातवें, चौथे, आठवें, नवें और बारहवें स्थान में हो तो धन धान्य हिरण्य का नाश करने वाले होते हैं। **शनिचारवश फल -** शनि वर्षारम्भ से १९ जून २०१७ तक, २६ अक्टूबर २०१७ से वर्षान्त तक धनु राशि में संचरण करेगा। जिसका राश्यादिफल निम्न प्रकार से जानना चाहिए -

क्र.	राशि	साढ़ेसाती/ढैया	चरण	पाया	फल
१.	वृश्चिक	साढ़ेसाती	पैर	रजत	सुख और सौभाग्य
२.	धनु	साढ़ेसाती	हृदय	सुवर्ण	सर्वसुख
३.	मकर	साढ़ेसाती	शिर	लौह	धननाश
१.	कन्या	ढैया		लौह	धननाश
२.	वृष	ढैया		लौह	धननाश

अन्य राशियों के लिए शनि का पाया, मेष -रजत, मिथुन -ताँबा, कर्क -सुवर्ण, सिंह -रजत, तुला - ताँबा, कुम्भ - सुवर्ण पर शनि के पाया का गोचर होगा। शनि २० जून२०१७ से २५ अक्टूबर २०१७ तक वृश्चिक में संचरण करेगा जिसका राशिफल निम्न है।

क्र.	राशि	साढेसाती/ढैया	चरण	पाया	फल
१.	तुला	साढेसाती	पैर	रजत	सुख और सौभाग्य
२.	वृश्चिक	साढेसाती	हृदय	लौह	धननाश
३.	धनु	साढेसाती	शिर	तांबा	सामान्य
१.	मेष	ढैया		सुवर्ण	सर्वसुख
२.	सिंह	ढैया		ताँबा	सामान्य

विशेष - जन्मकुण्डली में शनि की शुभस्थिति इत्यादि के अनुसार शनि की ढैया और साढेसाती का अशुभफल कम हो जाता है। कुछ विद्वानों का मत है कि मेषराशि वाले जातकों के लिए साढेसाती के मध्य के ढ़ाई वर्ष, मिथुन राशि वाले जातकों के लिए अन्तिम ढ़ाई, कर्क राशि वालों को प्रथम मध्य के ढ़ाई वर्ष, सिंह राशि वालों के प्रथम ५ वर्ष (उसमें भी मध्य के ढ़ाई वर्ष के विशेष रूप से), तुला राशि वालों को अन्तिम ढ़ाई वर्ष, वृश्चिक राशि वाले जातकों को अन्तिम ५ वर्ष (उनसे भी मध्य के ढ़ाई वर्ष विशेष रूप से), कुम्भ राशि वाले जातकों को आर्द्रा एवं अन्त कुल मिलाकर ५ वर्ष (उसमें भी अन्त के ढ़ाई वर्ष विशेष रूप से) तथा मीन राशि वाले जातकों को पूरे साढेसात वर्ष (उसमें भी अन्त के ढ़ाई विशेष रूप से) अशुभफल देने वाले होते हैं।

शनिशान्ति उपाय- शनि मन्त्रजाप, शनि स्त्रोत्रपाठ, पीपलवृक्ष में तिल एवं उडद मिश्रित जलदान एवं सायंकाल वृक्ष के नीचे तिलतेल का दीप जलाना, महामृत्युञ्जय का जाप, शिवपूजा, हुमानजी की उपासना, सुन्दरकाण्ड, रामायण इत्यादि का पाठ, पक्षियों को अनाज डालना, लौह पात्र में सदक्षिणा तेल रखकर उसमें अपनी मुखच्छाया देखकर दान करना, दरिद्र नारायण कोढियों को गुड चना देना, काली वस्तुओं का दान एवं तुलादान, वृद्धजनों की सेवा करना श्रेयस्कर रहेगा। भौतिक उपचारों में शनि या अमावस्या के दिन लोहे की अंगूठी पूजादि करके पहनना शुभ रहेगा।

प्रश्नविचार

च्युतिविचार: - प्रश्नकुण्डली के लग्न स्थान से च्युति का विचार करें। च्युति शब्द का अर्थ स्थान परिवर्त्तन, स्थान से हटना, चल पडना, यात्रा प्रारम्भ कर देना, गमन करना, भूल-चूक, रिसाव, पतन अवनति, विनाश, लोप, अदृश्य होना आदि होता है। जेल आदि से छूटने का अर्थ भी च्युति है। इसका विचार लग्न से करना चाहिए।

यदि प्रश्न लग्न में चर राशि (मेष, कर्क, तुला तथा मकर) की लग्न है तब च्युति(स्थान परिवर्त्तन) होगी। यदि प्रश्नलग्न में स्थिरराशि (वृष, सिंह, वृश्चिक तथा कुम्भ) की लग्न है तब च्युति नहीं होगी अर्थात् यदि तबादले, स्थान परिवर्त्तन आदि का प्रश्न हो तो तब तबादले, स्थान परिवर्त्तन आदि नहीं होगा ऐसा समझना चाहिए। द्विस्वभावराशि (मिथुन, कन्या, धनु और मीन) की लग्न होने पर च्युति में विलम्ब नहीं होता अर्थात् सुनिश्चितता की स्थिति न होकर असमंजस की स्थिति होती है।

वृद्धिविचार: - प्रश्नकुण्डली के चतुर्थभाव से वृद्धि का विचार करें। वृद्धि का अर्थ सफलता, बढती, उन्नति, प्रमति, मित्रता नौकरी में स्थान वृद्धि आदि से होता है। इसका विचार चतुर्थ से होता है।

निवृत्तिविचार: - प्रश्नकुण्डली के सप्तमभाव से कार्य निवृत्ति का विचार किया जाता है। निवृत्ति से तात्पर्य शत्रु से निपटना, यात्रा से निपटना, रोगमुक्त हो जाना, कार्य के पूर्ण होना तथा नष्ट वस्तु का प्राप्त हो जाना आदि विचार सप्तमभाव से किया जाता है।

प्रवासविचार: - खमध्यलग्न अर्थात् दशमभाव से यात्रा प्रवास का विचार किया जाता है। प्रवास का अर्थ किसी कार्य के लिए परदेश में निवास करना, यात्रा में थोडे दिनों के लिए दूसरे स्थानों पर रहना आदि विचार दशमभाव से किया जाता है। यथा षट्पञ्चाशिका ग्रन्थ में कहा गया है की -

च्युतिर्विलग्नाद्धिबुकाच्च वृद्धिर्मध्यात् प्रवासोऽस्तमयान्निवृत्ति:।
वाच्यं ग्रहै: प्रश्नविलग्नकालाद् गृहं प्रविष्टो हिबुके प्रवासी ।।
(षट्पञ्चाशिका, प्र.अ.श्लो. २)

च्युति आदि विचारों का फलकथन के लिए प्रश्नकुण्डली को देखना चाहिए। प्रश्नकुण्डली में जो जो भाव अपने स्वामी से दृष्ट या युत हो या सौम्यग्रहों (चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र) से दृष्ट या युत होता उस भाव की वृद्धि अर्थात् शुभफल होगा । परन्तु इसके विपरीत यदि वह भाव पापग्रहों से दृष्ट होगा अथवा उसमें पापग्रहों (शनि, मंगल, सूर्य, क्षीणचन्द्र) की स्थिति हो तो उस भाव की हानि कहनी चाहिए। मान लीजिए लग्नेश लग्न में बैठा है अथवा उसकी लग्न पर दृष्टि है या फिर लग्न में शुभ ग्रह बैठा हों अथवा उसे देखते हों तो लग्न से विचारणीय विषयों की वृद्धि होगी यदि लग्न पर उसके स्वामी की दृष्टि या युति हो तथा उसे शुभ ग्रह भी देखते हों या लग्न में बैठे हों तो और भी अच्छा फल प्राप्त होगा ।

वर्तमान वर्ष धान्यादि का अर्धविचार

राशिप्रवेश (सूर्यसंक्रान्ति) के अनुसार	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
एरंडैलाकुङ्कुमकस्तूरीहिङ्ग्वादीनां	समर्घ	समर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ
गोधूमादीनाम्	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ
लवङ्गपुष्पसीसानां धान्यानाञ्च	समर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ
आज्यस्य	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ
चणकस्य	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ
लवणादीनाम्	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ
वस्त्रकर्पूरताम्रकादीनाम्	अत्यर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ
कुलुत्थादीनाम्	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	सम र्घ
स्वर्णजीरकजाजिपिप्पलिपट्टाविकायसादीनाम्	अत्यर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ
रजतादीनाम्	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ
कार्पासादीनाम्	अत्यर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	शून्यार्घ	समर्घ
माषमुद्गयोश्च	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	समर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ
तिलादीनाम्	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	अत्यर्घ
नागलतामारीच्यादीनाम्	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	समर्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ
श्रीगन्धक्रमुकशर्करादीनाम्	अत्यर्घ	अत्यर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	अत्यर्घ	समर्घ	समर्घ	समर्घ	शून्यार्घ	शून्यार्घ

द्वादश राशियों का घातचक्र

राशय:	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्गशीर्ष	पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन
घाततिथि	१,६,११	५,१०,१५	२,७,१२	२,७,१२	३,८,१३	५,१०,१५	४,९,१४	१,६,११	३,८,१३	४,९,१४	३,८,१३	५,१०,१५
घातवार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घातनक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शतभिषा	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घातयोग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घातकरण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुघ्न	चतुष्पद
घातलग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घातप्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु.घा.चं.	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री.घा.चं.	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	मेष
सूर्य घात	कर्क	वृश्चिक	मीन	तुला	धनु	मेष	कन्या	मकर	तुला	कुम्भ	वृष	मिथुन
शनि घात	मिथुन	तुला	कुम्भ	कर्क	वृश्चिक	मीन	सिंह	धनु	कन्या	मकर	मेष	वृष
राहु घात	वृश्चिक	तुला	कन्या	कर्क	सिंह	मकर	मीन	मेष	वृष	धनु	कुम्भ	मिथुन

वार्षिकराशिफल
संवत् 2075 शक 1940 सन् 2018-19

डॉ. श्यामदेव मिश्र

मेष राशि- (चू,चे,चो,ला,ली,लू,ले,लो,अ)

यह बारह राशियों में प्रथम राशि है। चूँकि इसका स्वामी मंगल है। अत: इस राशि के लोग स्वभाव से ही पराक्रमी, साहसी, स्वाभिमानी, हठधर्मी और परोपकारी होते हैं। इस राशि वालों के लिए वर्ष भर मंगलवार, गुरुवार तथा शनिवार प्राय: कार्यों के लिए अनुकूल रहेंगे। मेष राशि वाले जातकों के अष्टम भाव में गुरु का संचरण वृश्चिक राशि में होगा। यद्यपि यह मित्र राशि है तथापि अष्टम भाव में गुरु की स्थिति रहेगी। अत: जीवन के कुछ पक्षों में अच्छे और कुछ में खराब फल मिलेंगे। लोहा, पीतल, स्टील आदि धातुओं के व्यापार से या इनके शेयर से या इनसे सम्बन्धित संस्थाओं में उद्योग से आकस्मात लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किन्तु इसके साथ ही यात्रा से कष्ट की सम्भावना बढ़गी। मान-सम्मान हेतु अधिक परिश्रम और धनव्यय होने के संभावना भी रहेगी। शारीरिक कष्ट बढ़ने के साथ-साथ दाम्पत्य सुख भी कम रहेगा। गुरु के अशुभ फल के निवारणार्थ गुरु मन्त्र का जप गुरु सम्बन्धित वस्तुओं का दान और अपने गुरु की आराधना करनी चाहिए। धनु राशि में शनि की स्थिति भी मिश्रित फल देने वाली रहेगी। चूँकि मेष राशि वालों के लिए शनि दशम और एकादश भाव का स्वामी होकर मित्र गुरु की राशि में भ्रमण कर रहा है। अत: कार्यक्षेत्र में बिलम्ब से किन्तु निश्चित सफलता मिलेगी। भाग्यस्थ शनि कार्य हेतु यात्राएँ अधिक कराएगा। इन यात्राओं से कार्य सिद्ध होंगे। किन्तु शनि के कारण अनावश्यक विवाद से बचना होगा। शनि शुभता की वृद्धि के लिए शनि मन्त्र का जप, शनि की वस्तुओं का दान, नीलम धारण, हनुमान जी की आराधना विशेष लाभदायी रहेगी। मार्च-अप्रैल में अपव्यय, माता-पिता को शारीरिक कष्ट की संभावना है। मई महीने में शारीरिक कष्ट, कानूनी मामले की सफलता, यात्रा सम्भावित हैं। जून और जुलाई में कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बनेगें, एवं कार्य निमित्त यात्राएँ सफल रहेगीं। अगस्त में शारीरिक में कमी रहेगी। तथा सितम्बर में संतान को कष्ट मिलने की संभावना है। अक्टूबर महीने में पुण्यप्रद कार्य होने की संभावना है। नवम्बर माह में पारीवारिक और आर्थिक सुख मिलने की संभावना है। दिसम्बर महीने में यद्यपि आर्थिक सम्पन्नता बढ़ेगी किन्तु स्वयं को और पिता को कष्ट मिलने की संभावना है। जनवरी में माङ्गलिक कार्य की संभावना है। इसके साथ ही धनागम और सम्मान मिलेगा। फरवरी में अति परिश्रम से कार्य में सफलता मिलेगी किन्तु स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मार्च अनुकूल रहेगा, मान सम्मान मिलेगा, और मङ्गलकार्य होने की प्रबल संभावना रहेगी।

वृष राशि - (ई,उ,ए,ओ,बा,बी,बू,वे वो)

इस राशि का स्वामी शुक्र है। वृष राशि के जातकों के लिए वर्ष भर बुधवार, शुक्रवार और शनिवार प्राय: कार्यों में सफलता के लिए अनुकूल रहेंगे। वर्ष भर लक्ष्मी या दुर्गा जी की आराधना प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सहायक होगी। शनि का अष्टम भाव में होना कार्य और भाग्य के लिए बहुत अनुकूल नहीं रहेगा। कार्यों में अनावश्यक विलम्ब रहेगा। और बाधाएँ आएगीं। वाद-विवाद से बचना चाहिए। इस वर्ष की वृष राशि मनुष्य स्वयं की वाणी से स्वयं को ही कष्ट में डाल सकता है। मान-अपमान की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अष्टमस्थ शनि की शान्ति अति आवश्यक है। इसके लिए शनिवार को तेल का दीपक जलाना, तेल, तिल, उड़द आदि का दान, नीलम धारण से अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। हनुमत् आराधना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण का पाठ, सुन्दरकाण्ड का पाठ विशेष लाभदायक रहेगा। वर्ष के आरम्भ में तथा अक्टूबर मास से वर्ष के अन्त तक गुरु वृश्चिक राशि में रहकर दाम्पत्य सुख में एक ठहराव या उदासीनता तथा वर्ष के मध्य में षष्ठ भाव में जाकर शत्रु हीनता देगा। कर्क राशि में स्थित राहु यद्यपि अनावश्यक का भय एवं व्याकुलता बढ़ाएगा किन्तु पराक्रम में भी वृद्धि करेगा। केतु की नवम भाव में स्थिति धार्मिक कार्यों से मन को विरत करेगा। इस वर्ष मार्च और अप्रैल महीने में समृद्धि और सम्पन्नता बढ़ने की संभावना है। मांगलिक कार्यों की संभावना है किन्तु शारीरिक कष्ट बढ़ने की भी संभावना है। मई महीने में सुख और शान्ति रहेगी। जून महीने में त्वचा संबंधी विकार होने की संभावना है किन्तु आर्थिक सम्पन्नता बढ़ेगी। जुलाई महीने में उदर विकार अन्य शारीरिक कष्ट की संभावना है। इसके साथ ही जुलाई और अगस्त में यात्रा के योग हैं पराक्रम और सुख-शान्ति में वृद्धि होगी। सितम्बर और अक्तूबर मास में स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा, किन्तु शत्रुओं पर विजय मिलने की संभावना बढ़ेगी। नवम्बर में यद्यपि मनोविकार उत्पन्न होंगे किन्तु स्वास्थ्य की अनुकूलता भी बढ़ेगी। दिसम्बर मास में मांगलिक कार्य, विवाहितों को दाम्पत्य सुख, यश की प्राप्ति होगी। जनवरी मास में नेत्र-विकार की संभावना है किन्तु धनागम के भी योग बनेंगे। फरवरी में सन्तान-सम्बन्धी-सुखद वार्ता मिलने की संभावना है किन्तु स्वास्थ्य की प्रतिकूलता हो सकती है। मार्च महीना अनुकूल रहेगा। इस महीने में पराक्रम, सुख और सम्पन्नता में बढ़ोत्तरी रहेगी।

मिथुन राशि - (का,की,कु,घ,ङ,छ,के,को,हा)

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष अधिकांशतया अशुभ फल देने वाला होगा। इस राशि वालों के सप्तम भाव में शनि, द्वितीय भाव में राहू तथा केतु की स्थिति मन में व्यग्रता, पारिवारिक प्रतिकूलता तथा अनावश्यक कष्ट को जन्म देंगे। इसके साथ ही राहु-केतु की

स्थिति मानसिक विकार और धर्म-विरुद्ध आचरण को उत्पन्न करेगी। वर्ष के आरम्भ और अंत में गुरु की वृश्चिक राशि में छठे भाव में स्थिति कमर में दर्द और रक्तविकार को उत्पन्न कर सकते हैं। किन्तु वर्ष के मध्य में पंचम भाव में तुला राशि में स्थित होकर गुरु कष्ट को कम करेगा। मार्च और अप्रैल महीने में शत्रुओं के पराजय से सुख-शान्ति बढ़ेगी और धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति अधिक होगी। इसके साथ ही दाम्पत्य जीवन भी सुखमय रहेगा। मई मास भी अनुकूल रहेगा। कुछ शारीरिक कष्ट जिसमें व्रण, घाव आदि को छोड़कर प्राय: सुख की सम्भावना अधिक रहेगी। जून में अवश्य स्वास्थ्य प्रतिकूल रहने की संभावना है किन्तु अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में प्रगति होगी। पारिवारिक सुख के साथ-साथ धनागम के भी योग बन सकते हैं। जुलाई महीने में शारीरिक कष्ट और मानसिक विकार बढ़ेगा किन्तु धन की प्राप्ति की पूरी संभावना भी है। अगस्त महीने में रक्त-दोष के कारण शारीरिक व्याधि की संभावना है किंतु शत्रु पक्ष कमजोर होगा। सितम्बर में सुख की वृद्धि होगी, धन-पुत्र-श्रीवृद्धि के भी योग है। अक्तूबर महीने में शारीरिक कष्ट बढ़ेगा, मन अशांत रहेगा किन्तु धीरे-धीरे शत्रु परास्त होंगे। नवम्बर में यद्यपि शारीरिक और पारिवारिक सुख रहेगा किन्तु इसके साथ ही स्वाभाव में उग्रता कार्य-क्षेत्र में विघ्न उत्पादित कर सकती है। दिसम्बर में सर्व-विध अनुकूलता बनी रहेगी। जनवरी में कुछ शारीरिक कष्ट रहेगा लेकिन शत्र पराजित होंगे। फरवरी महीने में चोट लगने की संभावना है इसके साथ ही रक्त-विकार से उत्पन्न होने वाले रोग हो सकते हैं। मार्च महीने में सन्तान को सुख, मांगलिककार्य, दाम्पत्य सुख मिलने के साथ ही धनागम के भी योग बनेंगे। शनि की शान्ति के लिए हनुमत् आराधना, हनुमान-चालीसा, बजरंग बाण का पाठ, सुन्दरकाण्ड का पाठ विशेष लाभदायक रहेगा। संतति सुखपूर्ण रहेगी किन्तु माता-पिता को कष्ट मिलने की संभावना है। राहु और केतु की शान्ति के लिए काले कौए या काले कुत्ते को भोजन कराना उत्तम रहेगा। गुरु की प्रसन्नता के लिए गुरुवार को जल में हल्दी और चावल डालकर केले के पौधे में डालना और केले के पौधे की पूजा करना अति लाभदायक रहेगा।

कर्क राशि - (ही,हू,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो)

चूँकि गोचर में राहु कर्क और केतु मकर राशि में हैं अत: कर्क राशि वालों के लिए यह वर्ष तनावपूर्ण और विवादग्रस्त रहने की संभावना है। कर्क राशि में उत्पन्न जातकों के लिए सोमवार, मंगलवार और गुरुवार अत्यंतफल देने वाले हैं। माता को शारीरिक कष्ट रहने की संभावना है। मित्रों और पड़ोसियों से अनावश्यक का विवाद होने की संभावना है। शारीरिक कष्ट के साथ-साथ कार्य क्षेत्र में भी अनावश्यक का तनाव बना हेगा। चूँकि शनि छठे घर में रहेगा अत: विवाद से शत्रु उत्पन्न होंगे तथापि उन पर विजय् प्राप्त होगी। पंचम भाव में स्थित गुरु बुद्धि और मन्त्र शक्ति या कौशल को बढ़ायेंगे। इसके साथ ही सन्तति- श्री की भी वृद्धि होगी मार्च - अप्रैल में प्राय: अनुकूल रहेगा। किन्तु कुछ शारीरिक कष्ट रहेगा। मई महीने में शारीरिक कष्ट रहेगा, धनागम के योग भी बन सकते हैं। यद्यपि जून में भी धनागम की संभावना रहेगी तथापि मानसिक विकारों के कारण व्यय की भी संभावना रहेगा। जुलाई में धनागमस और सुख साधनों में वृद्धि की संभावना रहेगी। किन्तु शत्रुओं से विवाद की भी संभावना है। इसके साथ ही शारीरिक कष्ट और पारिवारिक कलह के भी बढ़ने की संभावना है। अगस्त में भी शारीरिक कष्ट बना रह सकता है। यात्राफदायिनी रहेगी और सुख के साधनों की वृद्धि होगी। सितम्बर में धनागम और अन्य अनुकूलता बनी रहेगी किन्तु स्वास्थ्य की प्रतिकूलता भी बनी रहेगी। अक्तूबर में स्त्री और संतति का सुख प्राप्त होने की संभावना है। नवम्बर में शारीरिक कष्ट के साथ-साथ मानसिक विकार के कारण मन अशांत रह सकता है। संतति और पति या पत्नी को कष्ट संभावित है। दिसम्बर महीने में प्रतिष्ठा बढ़ेगी और शत्रु परास्त होंगे। जनवरी में विद्यार्थियों के लिए अनुकूलता तथा धनागम बढ़ेगा किन्तु संतान को कष्ट और शारीरिक कष्ट की भी संभावना है। फरवरी महीने में भी शारीरिक कष्ट बने रहने की संभावना है, पत्नी/पति को भी कष्ट हो सकता है। मार्च में भी न केवल स्वयं को बल्कि पति/पत्नी को भी शारीरिक कष्ट बना रह सकता है किन्तु साथ में धन और ऐश्वर्य की भी वृद्धि की संभावना है।

सिंह राशि - (मा,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे)

सिंह राशि वाले जातकों के लिए यह वर्ष सामान्य फल देने वाला होगा। एक तरफ परिश्रम और उद्यम से फल की प्राप्ति होगी तो दूसरी तरफ पारिवारिक सामंजस्य बिगड़ने की भी संभावना है। एतदर्थ इस राशि वाले जातक कार्य की सफलता हेतु रविवार, मंगलवार और गुरुवार को कार्य का प्रारम्भ करें। परिवार में मांगलिक कार्य होने की संभावना भी है। किन्तु स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है। चूँकि संपूर्ण वर्ष राहू का छठे घर में तथा केतु का बारहवें घर में संचरण होगा इसलिये धनागम के स्रोत खुलेंगे किन्तु साथ ही साथ अपव्यय की भी स्थिति बनेगी। प्रतिकूल स्वास्थ्य के कारण भी धन का व्यय संभावित है। वर्ष के आरम्भ में गुरु का संचरण वृश्चिक अर्थात् चौथे घर में किन्तु अप्रैल से सितम्बर तक तीसरे घर में तुला में पुन: अक्तूबर से फरवरी तक चौथे घर में एवं वर्ष के अन्त में धनु राशि में यानि पाँचवे घर में स्थिति होने से शत्रु-विजय, वाहन का सुख तथा संतान विशेषकर पुत्र की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। चूँकि शनि वर्ष पर्यन्त धनु राशि में पंचम भाव में भ्रमण करेंगे इसलिए संतान को कष्ट मिलने की संभावना बनेगी। मार्च और अप्रैल महीने में धन-प्राप्ति के साथ-साथ शारीरिक और पारिवारिक सुख में कमी के आसार हैं। मई में संतान को कष्ट मिलने की संभावना है किन्तु धन की प्राप्ति और शत्रु के पराभव के भी योग बन रहे हैं। जून-जुलाई स्वास्थ्य और लाभ की दृष्टि में साधारण सुख के साथ-साथ वाहन-धन-यश की प्राप्ति के भी योग हैं शत्रु परास्त होंगे लेकिन संतति को कष्ट भी मिलने की संभावना है।

कन्या राशि - (टो,पा,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो)

कन्या राशि वालों के लिए गुरु इस वर्ष सामान्य फल देने वाला रहेगा। इस राशि वाले जातकों के लिए बुधवार, शुक्रवार और शनिवार कार्यों की सफलता हेतु अनुकूल रहेंगे। क्योंकि इस वर्ष के आरम्भ और समाप्ति में गुरु वृश्चिक राशि में अर्थात् तीसरे घर में तथा आरम्भ और मध्य में दूसरे घर में तुला राशि में रहेगा। इस कारण कुटुम्ब और सहोदरों की स्थिति सुदृढ होगी किन्तु उनके प्रति जातक का सम्बन्ध उदासीन रहेगा। जातक सुखी, कीर्तिवान्, धन से युक्त और शत्रुओं पर उसे विजय प्राप्त होगी। शनि शारीरिक कष्ट को बढ़ा सकता है अत: शनि की शान्ति हेतु उपाय करने होंगे। एतदर्थ हनुमान जी की पूजा, आराधना, शनिवार को तिल आदि का दान, तेल का दीपदान, तिल के लड्डुओं का भोग चढ़ाना अति लाभदायक रहेगा। केतु के पाँचवें घर में संचरण करने के कारण कमर के हिस्से में दर्द और अन्य उदर संबंधी विकार होने की संभावना है इसके साथ ही विचारों के विकृत होने का भी खतरा केतु उत्पन्न करता है। इसके साथ ही राहु का ग्यारहवें घर में स्थिति धनागम और संतान सुख बढ़ाता है। मार्च और अप्रैल के महीने में धनागम की संभावना के साथ-साथ रोग की भी संभावना है। मई-जून में यश की बढ़ोत्तरी के साथ ही धन का लाभ भी हो सकता है। शत्रु का पराभव होने के साथ ही मांगलिक कार्य होने की पूरी संभावना है। जुलाई और अगस्त महीने में भी यश की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही धनागम और पुण्य-प्राप्ति की स्थिति बनेगी। इसके साथ ही संतति से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता है। सितम्बर और अक्टूबर महीने में शारीरिक कष्ट, भय, विषाद व चिंता बनी रहने की संभावना है। नवम्बर से जनवरी तक के मध्य शासन के सहयोग मिलने के साथ ही सम्मान की प्राप्ति होगी, पराक्रम से कार्य तो सिद्ध होंगे ही इसके साथ ही धनागम भी होने की प्रबल संभावना है। किन्तु शोक-संबंधी समाचार भी मिल सकता है। मार्च में शारीरिक और अन्य कष्ट कम होंगे किन्तु वाहन प्राप्ति के योग के साथ अन्य सुख-सुविधा के साधन भी मिलने की संभावना है।

तुला राशि - (रा,री,रू,रे,रो,ता,ती,तू,ते)

तुला राशि वाले जातकों के लिए यह वर्ष उपलब्धियों से भरा रहने की संभावना है। इस राशि के जातकों के लिए बुधवार, शुक्रवार और शनिवार का दिन कार्य की सफलता हेतु शुभ है। राहु की दसवें घर में तथा केतु की चौथे घर में संचरण शारीरिक कष्ट, वाहन आदि से दुर्घटना की स्थिति को जन्म दे सकता है। राहु-केतु की शान्ति हेतु इनका मन्त्रों का जप करना चाहिए। काले कुत्ते या काले कौए को भोजन कराना चाहिए। हनुमान जी की भी उपासना या भैरव की उपासना करना भी कल्याणकारी होगा। चूँकि वर्ष में कुछ समय तक गुरु इस राशि में तथा और कुछ समय तक दूसरे घर में संचरण करेगा अत: यह शारीरिक सुख के साथ-साथ धन, शान्ति और कीर्ति की वृद्धि करेगा। शनि भी धनागम और प्रतिष्ठा दिला सकता है। मार्च और अप्रैल महीने में कीर्ति व धनादि में वृद्धि होगी, कुछ पारिवारिक विवाद के साथ शारीरिक कष्ट संभव है। मई-जून में दुर्घटना के साथ कुछ शोक समाचार मिलने की संभावना है। मांगलिक कार्य होने की संभावना के साथ धन और यश की प्राप्ति की भी संभावना बनेगी। जुलाई और अगस्त में धनागम होने की संभावना है। शारीरिक कष्ट, राज्य से भ्य व अन्य शोक के समाचार प्राप्त हो सकते हैं। सितम्बर से दिसम्बर तक मान-सम्मान का लाभ होने की संभावना है। इसके साथ ही शत्रुओं पर विजय की संभावना है। इस अवधि में शारीरिक कष्ट, शासकीय भय और मानसिक व्यग्रता बढ़ेगी। जनवरी से मार्च तक मान-सम्मान में वृद्धि, धन-लाभ, शत्रुओं पर विजय, शारीरिक पीड़ा शासन से भय पुत्र-प्राप्ति के योग और पति/पत्नी को कष्ट की संभावना है।

वृश्चिक राशि - (तो,ना,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू)

इस राशि वालों के लिए सोमवार, मंगलवार और शनिवार का दिन सफलता-प्राप्ति हेतु शुभ है। शनि की साढ़े साती का प्रभाव वर्ष भर रहेगा। शत्रु प्रबल रहेंगे और शारीरिक कष्ट भी बढ़ेगा। मन में व्याकुलता और भय बना रहेगा और आलस्य की अधिकता रहेगी। शारीरिक कष्ट और विवाद में धन का अपव्यय होगा। शनि की शान्ति के लिए हनुमत् आराधना, हनुमान-चालीसा, बजरंगबाण का पाठ, सुन्दरकाण्ड का पाठ विशेष -लाभदायक रहेगा। गुरु के द्वादश भाव में रहने के कारण परिवार और संतान सुख में कमी आने के साथ कौशल की कमी भी रहेगी। धार्मिक कार्यों में सद्व्य होने के साथ-साथ कष्ट के निवारण हेतु भी अपव्यय होने की सम्भावना है। राहु और केतु के क्रमश: तीसरे और नवें घर में रहने के कारण धन और धर्म में वृद्धि और शारीरिक कष्ट में कमी आ सकती है। मार्च और अप्रैल में शारीरिक कष्ट की संभावना के साथ ही धन के व्यय होने और मित्रों या पड़ोसियों से विवाद की स्थिति बनेने की संभावना भी है। मई और जून महीने में पति/पत्नी को कष्ट तथा स्वयं को भी ज्वर आदि की संभावना है। जुलाई और अगस्त महीने में शारीरिक कष्ट में कमी की सम्भावना के साथ धन और प्रतिष्ठा में बढोत्तरी की भी संभावना है। सितम्बर और अक्टूबर में पराक्रम के द्वारा धनागम, सम्मान-प्राप्ति, स्वास्थ्य और धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति के योग बन रहे हैं। नवम्बर और दिसम्बर के महीने में यद्यपि आरम्भ में भय व व्याकुलता रहेगी जिससे स्वास्थ्य प्रतिकूल रह सकता है किन्तु अन्त में सम्मान और धन की प्राप्ति भी होगी। जनवरी से लेकर मार्च तक का समय प्राय: अनुकूल रहेगा। इसमें शारीरिक सुख के साथ ही मानसिक और आर्थिक सुक की भी प्रबल संभावना है। धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति सामान को बढाएगी और शत्रु पराजति होंगे।

धनु राशि - (ये,यो,भा,भी,भू,ध,फ,ढ़,भे)

धनुराशि वालों के लिए भी शनि की साढे साती वर्ष भर चलेगी। इस कारण शनि संबंधी वात रोग से इस राशि के जातक पीड़ित होंगे। विशेषकर उदर-संबंधी कष्ट होने की संभावना अधिक है। शनि के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान जी की पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमानस्तवन या सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। घोड़े की नाल अथवा नाव की कील की अंगूठी धारण करना चाहिए। शनिवार को तिल-मिश्रित जल पीपल पर चढ़ाने और शनि मंदिर में तेल का दीपक जलाने से भी शनि जनित कष्ट में राहत मिलती है। इस राशि वालों के लिए रविवार, मंगलवार और गुरुवार का दिन अनुकूल रहता है। गुरु के भी वर्ष के आरम्भ और प्राय: अंत में बारहवें भाव में और शेष समय में ग्यारहवें भाव में होने से क्रमश: रोग, कष्ट की स्थिति और शान्ति, समृद्धि की भी स्थिति बनाने की संभावना है। मार्च-अप्रैल महीने में शारीरिक कष्ट और पारिवारिक शोक की संभावना के साथ ही कुछ धनागम के भी योग बनते हैं। मई-जून में भी शारीरिक कष्ट के साथ ही शत्रुओं से भी कष्ट की स्थिति बनेगी किन्तु कालान्तर में शत्रुओं का पराभव होने की संभावना बन सकती है। सितम्बर और अक्टूबर महीने में नेत्र-विकार, धनक्षय, शत्रुभय, वात-पीड़ा, उदररोग, शासन-सत्ता का सहयोग पुत्र-प्राप्ति के योग बन सकते हैं। जनवरी और फरवरी में मान-सम्मान में वृद्धि, धनलाभ, पुत्र-कष्ट शारीरिक कष्ट और अपव्यय की संभावना बन सकती है। मार्च का महीना भी पूर्वोक्त कष्टों को देने वाला रहेगा किन्तु इसके साथ ही परिश्रम से धन-मान-सम्मान की प्राप्ति की भी संभावना है।

मकर राशि - (भो,जा,जी,खी,खू,खे,खो,गा,गी)

पूर्वोक्त वृश्चिक और धनु राशियों के समान ही मकर राशि भी शनि की साढ़े साती से वर्ष भर प्रभावित रहेगी। किन्तु इसका फल इन दो राशियों से भिन्न रहेगा। चूँकि न सिर्फ मकर शनि की अपनी राशि है अपितु वह अपनी राशि से ग्यारहवें गर में बैठा है जो की लाभ का भाव होने के साथ ही उपचय भावों में अन्यतम है। अत: मकर राशि वालों के लिए शनि का अनुकूल प्रभाव विशेषकर लाभ के क्षेत्र में मिलाने की संभावना है किन्तु इसके साथ ही यह शारीरिक रोग भी दे सकता है। अत: शनि के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान जी की पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण , हनुमानस्तवन या सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। घोड़े की नाल अथवा नाव की कील की अंगूठी धारण करना चाहिए। शनिवार को तिल-मिश्रित जल पीपल पर चढ़ाने और शनि मंदिर में तेल का दीपन जलाने से भी शनिजनित कष्ट में राहत मिलती है। इस राशि वालों के लिए शुक्रवार और शनिवार का दिन अनुकूल रहता है। गोचर में गुरु दसवें या ग्यारहवें भाव में जब होगा तब अर्थागम होने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी काल की अनुकूलता बनी रहेगी किन्तु जब गोचर में गुरु बारहवें घर में आयेगा तो मानसिक और शारीरिक कष्ट दे सकता है। मार्च और अप्रैल में शारीरिक कष्ट बढ़ने के साथ ही मानसिक कष्ट में भी वृद्धि की संभावना है। मई से लेकर अगस्त तक के महीनों में दुर्घटना, घाव, पुत्र कष्ट, घर में या पड़ोसियों से विवाद की स्थिति बन सकती है। धन हानि और स्त्री कष्ट की भी संभावना है। सितम्बर और अक्टूबर महीने में स्थिति अनुकूल रहेगी। वाद-विवाद में जीत के साथ मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। धनागम के साथ ही अन्य कार्य भी अनुकूलता के साथ सम्पन्न होगे। नवम्बर और दिसम्बर में नेत्र-विकार, शारीरिक कष्ट से धनक्षय, पुत्र से सम्बन्धित शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। जनवरी और फरवरी के महीने में शारीरिक कष्ट और अर्थागम की संभावना है। मार्च के महीने में मान-सम्मान मिलेगा किन्तु शारीरिक और मानसिक विकार भी बने रहेंगे। राहु और केतु की शान्ति भी इस राशि के जातक के लिए परमावश्यक है। इस राशि वालों के लिए काले, हरे और नीले रंग का प्रयोग अत्यंत शुभदायक है।

कुम्भ राशि - (गू,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,दा)

कुम्भ राशि वालों के लिए यह वर्ष सामान्यतया सुख और समृद्धि को देने वाला रहेगा। इस वर्ष मान-सम्मान और पद में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन भी सुखमय होने की संभावना है। परिवार में शुभकार्य होने की भी संभावना है। शनि की गोचर में एकादश भाव में स्थिति लाभ और उन्नित की संभावना को बढ़ायेगा। जबकि कर्क राशि में छठे घर में स्थित राहु शत्रु को पराभूत करने में जातक की मदद करेंगे। हालांकि केतु मानसिक कष्ट को बढा सकता है। केतु की शान्ति के लिए काले कुत्ते को भोजन कराना, लहसुनिया धारण करना तथा शिव की पूजा करना चाहिए। गुरु गोचर में इस राशि वाले जातकों के लिए आरम्भ में नवें घर में मध्य में दसवें तथा अंत में ग्यारहवें भाव में होने के कारण वर्ष भर भाग्य, पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा। नए गृह आदि के निर्माण की संभावनाएँ बन सकती हैं। मार्च और अप्रैल में द्रव्य की प्राप्ति के साथ भाग्य और पराक्रम में वृद्धि होगी। इसके साथ ही शत्रुओं का पराभव होने की संभावना है। मई और जून की महीने में पुत्र के साथ-साथ धन की प्राप्ति की संभावना है। दाम्पत्य सुख तो बढेगा किन्तु संतान और स्वयं को शारीरिक कष्ट भी बढ़ सकता है। शासन का सहयोग प्राप्त हो सकता है और वाहन व धन की प्राप्ति का भी योग बन सकता है। इस अवधि में मांगलिक कार्य की भी संभावना है। जुलाई और अगस्त महीने में स्वास्थ्य में सुधार आएगा और शत्रु पराजित होंगे। पति/पत्नी को कष्ट की संभावना रहेगी किन्तु भाग्योदय भी इस अवधि में होना संभावित है। सितम्बर से अक्टूबर महीने में पद -प्रतिष्ठा बढ़ेगी, शत्रुओं की पराजय की भी संभावना है किन्तु कान में कष्ट भी संभावित है। नवम्बर और दिसंबर माह में भी शारीरिक कष्ट की संभावना है किन्तु धन, मान-सम्मान पद-प्रतिष्ठा, धन और संतति का लाभ संभव है। इस राशि के जातकों के लिए बुधवार, शुक्रवार और शनिवार का दिन अभीष्ट की सिद्धि के लिए शुभ है।

मीन राशि -(दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो चा,ची)

मीन राशि वाले जातकों के लिए यह वर्ष मिश्रित फल देने वाला रहेगा। इस राशि के जातकों के लिए सोमवार, मंगलवार और गुरुवार का दिन सर्वाधिक लाभप्रद है। इस राशि वालों के लिए भगवान शिव और हनुमान जी की उपासना अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हो सकती है। इसमें पूवार्ध अधिक अनुकूल तथा उत्तरार्ध कुछ प्रतिकूल भी रहेगा यदि सब मिलाकर विचार करें तो मीन राशि वालों के लिए यह वर्ष अच्छा ही माना जायेगा। चूँकि शनि इस वर्ष गोचर में धनु राशि में है अत: इस राशि के लिए दसवें घर में रहेगा। यह पद-प्रतिष्ठा को बढाएगा। किन्तु मन में विकार के कारण पापकर्म में रत रहता है। राहू चूँकि पंचम भाव में भ्रमण करता है। अत: संतान को कष्ट मिल सकता है। या सन्तान प्राप्ति में बाधा हो सकती है। केतु के एकादश भाव में होने के कारण धन और कीर्ति की वृद्धि की संभावना है। गुरु की नवम भाव में स्थिति धार्मिक कार्यों में प्रवृत्त करेगा। परिवार की वृद्धि होने की संभावना रहेगी। अत: शनि के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान जी की पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमत-स्तवन या सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। घोड़े की नाल अथवा नाव की कील की अंगूठी धारण करना चाहिए। शनिवार को तिल-मिश्रित जल पीपल पर चढ़ाने और शनि मंदिर में तेल का दीपक जलाने से भी शनि जनित कष्ट में राहत मिलती है। मार्च और अप्रैल महीने में ज्वारादि पीड़ा, स्थानान्तरण की संभावना के साथ धन का आगम भी होगा। मांगलिक कार्य भी होने की संभावना है। मई-जून मास में पराक्रम से धन और प्रतिष्ठा की प्राप्ति संभव है। किन्तु इसके साथ धन का व्यय और शोकप्रद समाचार मिलने की संभावना होगी। जुलाई और अगस्त में मन व्याकुल हो सकता है। इसके साथ ही संतति को कष्ट और मानसिक विकार की संभावना है। सितम्बर और अक्टूबर महीने में धार्मिक कृत्य करने की संभावना है। पत्नी को कष्ट, यात्रा के योग, गुणों में वृद्धि, ज्वरादि से कष्ट, अकस्मात धन-लाभ और प्रतिष्ठा का लाभ संभावित है। नवम्बर और दिसम्बर महीने में दाम्पत्य सुख और समृद्धि की संभावना है। धार्मिक कार्यों के साथ-साथ भाग्य में भी वृद्धि की प्रबल संभावना है। जनवरी और फरवरी महीने में वात संबंधी रोग, दुर्घटना, कर्ण-शूल आदि की संभावना है। इसके साथ ही पड़ोसियों और मित्रों से विवाद की संभावना बन सकती है। धन का अपव्यय भी संभावित है। किन्तु इसके साथ ही संतति प्राप्ति का भी सुख मिल सकता है। मांगलिक कार्यों के साथ ही पद प्रतिष्ठा में वृद्धि, धनागम, वंश-वृद्धि की भी संभावना है।

ग्रहों का गोचरीय वेधविचार

सूर्य छठे-बारहवें, दशवें-चौथे, तीसरे-नवें, ग्यारहवें-पाँचवें स्थान में क्रम से शुभ और बिद्ध होता है, अर्थात् मनुष्य की जन्मराशि से छठवीं राशि में सूर्य हो तो शुभफल देनेवाला होता है। यदि १२वीं राशि में शनि को छडकर कोई अन्यग्रह स्थित हो तो सूर्य विद्ध हो जाता है, अर्थात् छठवें स्थान का सूर्य उस मनुष्य को शुभफल न देकर अशुभ फल देने वाला हो जाता है। ऐसे ही १०वीं राशि पर सूर्य शुभ, यदि चौथी राशि पर शनि के अतिरिक्त कोई ग्रह हो तो विद्ध हो जाता है । एवं तीसरे शुभ-नवमस्थ ग्रह से विद्ध, ११वें शुभ-पंचमस्थ ग्रह से विद्ध हो जाता है। मंगल, शनि और राहु ये ३ ग्रह छठी राशि पर शुभ होते हैं, यदि नवीं राशि पर कोई ग्रह हो तो विद्ध हो जाते हैं। यहाँ शनि-सूर्य का वेध नहीं होता है। एवं ११वें शुभपंचमस्थ ग्रह से विद्ध, तीसरे शुभ बारहवीं राशि पर स्थित ग्रह से विद्ध हो जाते हैं ।

चन्द्रमा जन्मराशि से १०वें शुभ-चतुर्थस्थ ग्रह से विद्ध, तीसरे शुभ नवमस्थ ग्रह से विद्ध, ११वें शुभ आठवें स्थित ग्रह से विद्ध, जन्मराशि का शुभ पाँचवे स्थित से विद्ध, ६वें शुभ द्वादशस्थ ग्रह से विद्ध, ७वें शुभ द्वितीयस्थ ग्रह से विद्ध हो जाता है (याहाँ चन्द्र-बुध का वेध नहीं होता है)। बुध दूसरे शुभ ५वें से विद्ध, चौथे शुभ ३ रे से विद्ध, ६ ठे शुभ ९मस्थग्रह से विद्ध, ८ वें शुभ जन्मराशि पर कोई ग्रह हो तो विद्ध, १० वें शुभ आठवें से विद्ध, ११ वें शुभ बारहवें स्थित ग्रह से विद्ध हो जाता है । बृहस्पति ५-४, २-१२, ९-१०, ५-३, ११-३ स्थानों में क्रमश: शुभ और विद्ध होता है। शुक्र १-८, २-७, ३-१, ४-१०, ५-९, ८-५, ९-११, १२-६, ११-३ स्थानों में क्रम से शुभ और विद्ध होता है । यथा ग्रहों का वेधसारणी -

सूर्य					चन्द्र						शुक्ले विशेष:		
शुभ	६	१०	३	११	१०	३	११	१	६	७	२	९	५
वेध	१२	४	९	५	४	९	८	५	१२	२	६	८	४

बुध					गुरु						भौ.शा.रा.के.		
शुभ	२	४	६	८	१०	११	५	२	९	२	११	६	११	३
वेध	५	३	९	१	८	१२	४	१२	१०	३	३	९	५	१२

शुक्र					चन्द्र					
वेध	८	७	१	१०	९	५	११	६	३	
शुभ	१	२	३	४	५	८	९	१२	११	

ग्रहण विवरण (2018-19)

इस वर्ष समस्त भूमण्डल पर तीन सूर्यग्रहण एवं दो चन्द्रग्रहण दिखाई देंगे इनमें से एक चन्द्रग्रहण ही भारत में दृश्य होगा। इनका विवरण निम्न प्रकार से है -

भारत में अदृश्य (दिखाई न देने वाले) ग्रहणों का संक्षिप्त परिचय

१) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण** - यह ग्रहण १३ जुलाई २०१८ को भा.स्टै.टा. के अनुसार ७घ.१९मि. से ९घ.४४मि. तक आस्ट्रेलिया के दक्षिणी भाग में ही खण्डग्रास रूप में दिखाई देगा। भारत में अदृश्य है।

२) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण** - यह ग्रहण ११ अगस्त २०१८ को भा.स्टै.टा.के अनुसार १३घ.३२मि. से १७घ.०१मि. तक चाइना, मंगोलिया, कजाकिस्तान, रशिया एवं उत्तरी ध्रुव के आसपास दिखाई देगा। भारत में अदृश्य है।

३) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण -** यह ग्रहण ५/६ जनवरी २०१९ को भा.स्टै.टा के अनुसार २९घ.०४मि. से ९घ.१९मि. तक मध्यपूर्वी चीन, जापान, उत्तरी तथा दक्षिणी कोरिया, उत्तरपूर्वी रूस, मध्यपूर्वी मंगोलिया, प्रशान्त महासागर, अलास्का के पश्चिमी तटों में ही दिखाई देगा। भारत में अदृश्य है।

४) **खग्रास चन्द्रग्रहण -** यह ग्रहण २१ जनवरी २०१९ को भा.स्टै.टा. के अनुसार प्रात: ९घ.४मि.से १२घ.२१मि. तक यूरोप के देशों, मध्यएशिया, सम्पूर्ण अफ्रीका, दक्षिणी तथा उत्तरी अमरीका, हिन्दमहासागर में ही दिखाई देगा। भारत में अदृश्य है।

भारत में दृश्य चन्द्र ग्रहण विवरण

यह खग्रास चन्द्रग्रहण २७/२८ जुलाई २०१८ ई. शुक्रवार को सम्पूर्ण भारत में दृश्य होगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण का विवरण निम्न प्रकार से है -

ग्रहण प्रारम्भ (स्पर्श काल)-		२३.५४।
सम्मीलनकाल	-	२५.००।
ग्रहण मध्यकाल	-	२५.५२।
उन्मीलनकाल	-	२६.४४।
ग्रहण समाप्ति (मोक्ष काल)-		२७.४९।

इस ग्रहण का सम्पूर्ण स्थितिकाल ३ घण्टे ५५ मिनट तथा विमर्दकाल १ घण्टा ४४ मिनट है। इस ग्रहण का सूतक भोपाल में चन्द्रोदय के पश्चात् यह ग्रस्तोदित चन्द्रग्रहण दृश्य होगा इस ग्रहण का सूतक २७ जुलाई २०१८ को मध्याह्न १४.५४ से प्रारम्भ हो जायेगा।

ग्रहण सूतक के समय बच्चों, गर्भवती स्त्रियों, वृद्धों एवं अशक्त जनों को छोड़कर अन्य लोगों को भोजनादि ग्रहण नहीं करना चाहिए। ग्रहण समय में स्नान, जप, दान इत्यादि का अत्यधिक महत्त्व शास्त्रों में बताया गया है, जैसे कि भास्कराचार्य जी कहते हैं -

बहुफलं जपदानहुतादिके, स्मृतिपुराणविद: प्रवदन्तिहि। सदुपयोगि जने सचमत्कृति, ग्रहणमिन्द्रिनयो: कथयाम्यत:।। (सि.शि.चन्द्र.श्लो.१)

ग्रहण का राशिफल - इस ग्रहण का स्पर्श से मोक्ष तक का स्थितिकाल मकर राशिगत उ.षा. नक्षत्र को स्पर्श करके श्रवण नक्षत्र में मोक्ष को प्राप्त होता है। अत: इस नक्षत्र एवं राशि वाले जातकों के लिए यह ग्रहण विशेष रूप से कष्टदायी रहेगा। मेषादि द्वादश राशियों में उत्पन्न जातकों के लिए ग्रहण फल निम्न प्रकार से रहेगा। मेष - शारीरिक एवं पारिवारिक सुखलाभ। वृष - रोग अपमान एवं खर्च की अधिकता। मिथुन - चिन्ता एवं कष्ट। कर्क - स्त्री/पतिकष्ट एवं अपमान। सिंह - कार्यसिद्धि एवं सुख। कन्या - सन्तान कष्ट, चिन्ता, अपव्यय एवं भय। तुला - कष्ट एवं अपमान। वृश्चिक - कार्यसिद्धि एवं धनवृद्धि। धनु - धनहानि एवं पारिवारिक कलह। मकर -चोटभय एवं कष्ट। कुम्भ - धन का अपव्यय एवं वाणिज्य हानि। मीन -धनलाभ एवं कार्यसिद्धि।

बृहत्संहिता के अनुसार ग्रहण का फल इस प्रकारसे है -हन्यान्मृगे तु झषमन्त्रिकुलानि नीचान्। मन्त्रौषधीषु कुशलान् स्थविरायुधीयान्।। (बृ.सं.रा.चार.श्लो.४१)

अर्थात् मकरराशिगत सूर्य या चन्द्र ग्रहण होने पर मत्स्य, मन्त्रियों के कुल के लोगो, नीचकर्म करने वालों, मन्त्र व औषधि का ज्ञान रखने वालों, वृद्धों एवं शस्त्र धारण करने वालों के लिए कष्टकारक होता है।

मुहूर्त्तविचार

पञ्चाङ्ग में यथासम्भव अधिकाधिक विशुद्ध मुहूर्त्तों को देने का प्रयास किया गया है। तथापि विद्वज्जनों के सुविधा हेतु कुछ मुख्य मुहूर्तों के लिये अपेक्षित काल शुद्धि का विवरण बिन्दुवार प्रस्तुत किया जा रहा है जिसकी सहायता से वे स्वयं भी मुहूर्त्त निर्णय कर सकते हैं।

गर्भाधान मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** रात्रौ, रजोदर्शनानन्तरं चतुर्थरात्रित: १२ रात्रिं यावत्। ◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ । क्षीणचन्द्र वर्जित। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र । ◆ **नक्षत्र -** रोहिणी, मृगशि, उत्तराषाढ़ा,उत्तराफाल्गुनी,उत्तराभाद्रपद, हस्त, स्वाती, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, चित्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्विनी। ◆ **लग्नशुद्धि** - शुभै: केन्द्रत्रिकोणगै:, पापैस्त्र्यायारिगै:, पुंग्रहदृष्टलग्ने, चन्द्रे विषमांशगे युग्मराशौ शुभम्।

सीमन्तपुंसवन मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** पुंसवन गर्भ से तृतीय मास में करना चाहिए। सीमन्तोन्नयन षष्ठ वा अष्टम मास में मासाधिपति बलयुक्त होने पर करना चाहिए।◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ शुक्लपक्ष में। कृष्णपक्ष में पञ्चमी तक। ◆ **वार -** सोम, मङ्गल, गुरु वार में शुभ। मतान्तर से शुक्र, सोम वार को पूर्वाह्न में। ◆ **नक्षत्र -** मृगशिरा, पुष्य, श्रवण, पुनर्वसु, हस्त, रोहिणी, रेवती, उत्तरा ३ (जन्मनक्षत्र त्याज्य है)। ◆ **लग्नशुद्धि** - १,४,५,७,९,१० भावों में शुभग्रह, २, ३, ४, ५, ९, १०, ११ स्थानों में चन्द्र तथा ४, ८, १० में पापग्रह वर्जित।

जातकर्म मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** जातक का ग्रहदोष निवारण के लिए तथा आयु: श्रीवृद्धि हेतु जन्मकाल में वा एकादश या द्वादश दिन में पिता को जातकर्म करना चाहिए। ◆ **नक्षत्र -** चित्रा, अनुराधा, रेवती, उत्तरा ३, रोहिणी, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा नक्षत्रों में,तिथि पूर्णिमा छोड़कर अन्य शुभ तिथियों में। ◆ **लग्नशुद्धि** - शुभ लग्नों में शुद्धि।

नामकरण मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** ब्राह्मणों का ११, १२ दिन में। क्षत्रियों का१३ दिन में। वैश्यों का १६ दिन में। शूद्रों ३१ दिन में नामकरण शुभ है। ◆ **तिथि -** १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र वार में शुभ। पूर्वाह्ण में शुभ। मध्याह्न में मध्यम। ◆ **नक्षत्र -** स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, अश्वि, पुष्य, अभिजित्, उत्तरा ३, रोहिणी, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा। ◆ **लग्नशुद्धि** - १,४,५,७,९,१० भावों में शुभग्रह, २, ३, ५, ९, १०, ११ स्थानों में चन्द्र, ३, ६, ११स्थानों में पापग्रह तथा, १० में पापग्रह वर्जित, शुभग्रह दृष्ट लग्न में, शुभ नवांश में उत्तरायण में शुद्धसमय में नामकरण करना चाहिए।

अन्नप्राशन मुहूर्त्त

◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, १०, १३ एवं पूर्णिमा। क्षीणचन्द्र वर्जित। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र । ◆ **नक्षत्र -** जन्म नक्षत्र एवं अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, उ.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उ.भा. एवं रेवती।◆ **लग्नशुद्धि -** जन्मलग्न व जन्म राशि से अष्टमलग्न व नवांश वर्जित। मेष, वृश्चिक व मीन राशि के लग्न छोडकर अन्य शुभ लग्न। दशम भाव में चन्द्र के अतिरिक्त अन्य ग्रह वर्जित। प्रथम, षष्ठ व अष्टमभाव में चन्द्रवर्जित है।◆ **विशेष -** गुरु शुक्रास्तादिदोष विचारणीय नहीं। बालकों का अन्नप्राशन - ६, ८, १०, १२ मासों में। बालिकाओं का अन्नप्राशन - ५, ७, ९, ११ मासों में।भद्रारहित पूर्वाह्ण काल शुभ।

कर्णवेध मुहूर्त्त

◆ **समयशुद्धि -** १२, ६ मास में व विषमवर्ष में, रिक्ता एवं समवर्ष त्याज्य है।

◆ **कालशुद्धि -** सौर चैत्र व पौषमास, क्षयदिन, हरिशयन (आषाढ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल दशमी तक) एवं जन्ममास त्याज्य है। गुरु-शुक्रास्तादि विचार आवश्यक। भद्रारहित पूर्वाह्ण एवं मध्याह्न में ही कर्णवेध उत्तम रहता है। ◆ **तिथि -** सामान्यत: रिक्ता व अमावस्या तिथि वर्जित। शेष तिथियां शुभ। ◆ **वार -** चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, धनु व मीन लग्न प्रशस्त। लग्न से अष्टम भाव शुद्धि।

चूडाकरण मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** चैत्र रहित उत्तरायण। गुरुशुक्रास्तादि शुद्धि आवश्यक। भद्रा रहित पूर्वाह्ण व मध्याह्न शुभ। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ७, १०, ११ एवं १३। ◆ **वार -** बुध, चन्द्र, शुक्र, गुरु। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, एवं रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, तुला, मिथुन, कन्या, कर्क, धनु व मीन लग्न एवं इनके नवांश प्रशस्त। जन्मलग्न व जन्मराशि से अष्टम लग्न वर्जित । अष्टम स्थान शुद्ध। केन्द्र (१, ४, ७, १०) में क्षीणचन्द्र, मंगल, शनि व सूर्य अशुभ।

अक्षरारम्भ मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण, गुरु व शुक्र के अस्तादि शुद्धि का विचार करना चाहिए। भद्रा एवं अशुभयोगवर्जित।◆ **तिथि -** २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ ।◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु,

शुक्र। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, आर्द्रा, पुन, पुष्य, हस्त, चि., स्वा., अनु., श्र. व रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, मिथुन, कन्या, धनु, व मीन लग्न शुभ। सिंह, वृश्चिक, व कुम्भ मध्यम।

उपनयन मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण, माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ व आषाढ मास ग्राह्य। देवशयन, गुरु-शुक्र अस्तादि वर्जित। भद्रारहित पूर्वाह्न व मध्याह्न तक ही उपनयन शुभ। अपराह्न निषिद्ध। ◆ **तिथि -** शुक्लपक्ष में २,३, ५, १०, ११, १२ । कृष्णपक्ष में २, ३, ५ शुभ। ◆ **वार -** सूर्य, सोम, बुध, गुरु व शुक्रवार शुभ। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पू.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, अनु, मूल, पू.षा., श्रवण, धनि., शत., पू.भा., तीनों उत्तरा एवं रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** षष्ठ व अष्टम भाव में शुक्र, गुरु, चन्द्र व लग्नेश वर्जित । द्वादश भाव में चन्द्र व शुक्र वर्जित। लग्न पञ्चम व अष्टम में पापग्रह वर्जित । वृष व कर्क राशि का चन्द्र लग्न में शुभ, अन्यथा नहीं। ◆ **विशेष -** गोचर में जन्मराशि से २, ५, ७, ९, ११ वां गुरु श्रेष्ठ।१, ३, ६, १० वां गुरु मध्यम। ४, ८, १२वां गुरु निन्दित होता है। **विशेष -** निन्दित गुरु भी कर्क, मेष व वृश्चिक राशियों में हो अथवा जिस किसी भी राशि में होकर धनु व मीन के नवांशों में, वर्गोत्तम नवांश या कर्क, मेष व वृश्चिक के नवांश में भी हो तो शुभ होता है। इसी प्रकार गुरु मकर, मिथुन, कन्या, तुला व वृष राशियों का हो तो गोचर में शुभ हो तो हुए भी अशुभफलप्रद है। (मु.चि. ५/४७) ◆ **त्याज्य -** आषाढ शुक्ल दशमी, ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया, पौष शुक्ल एकादशी, मघा शुक्ल द्वादशी तथा संक्रान्ति दिन।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण, गुरु-शुक्र अस्तादि शुद्धि विचारणीय। भद्रा व अशुभयोग वर्जित। ◆ **तिथि -**२, ३, ५, ६, १०, ११ व १२।◆ **वार -** सूर्य, बुध, गुरु वा शुक्रवार ।◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पू.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल, पू.षा., श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, एवं पू.भा.।

◆ मतान्तर से रोहिणी, उ.फा., अनुराधा, उ.षा., उ.भा., व रेवती भी ग्राह्य हैं। (मु.चि.पी.टीका) ◆ **लग्न -** स्थिर व द्विस्वभाव लग्न।

विवाह मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** गुरु-शुक्र अस्तादि शुद्धि, देवशयनादि विचार आवश्यक। भद्रादिदोष वर्जित।◆ **मास -** मीन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला व धनु के सूर्य में वर्जित। सौरमासों में वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन ग्राह्य। ◆ **दोनों पक्षों की तिथि -** २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ व शुक्लपक्ष की १५।◆ **वार -**सोम, बुध, गुरु, शुक्र श्रेष्ठ। रवि, शनि - मध्यम। मङ्गल - त्याज्य (मु.चि. ६/५५ पी.घा. टीका)।

◆ **नक्षत्र -** रो., मृग., तीनों उत्तरा. हस्त, स्वाती, अनुराधा, मूल व रेवती। कात्यायन मतानुसार - अश्विनी, चित्रा, श्रवण, व धनिष्ठा भी ग्राह्य है। ◆ **लग्नशुद्धि -** लग्न में चन्द्र व पापग्रह, तृतीय शुक्र, छठवां चन्द्र, शुक्र व लग्नेश, सप्तम में सभी ग्रह, अष्टम में चन्द्र, लग्नेश, मंगल व शुभग्रह, दशम मंगल व द्वादश शनि वर्जित

◆ **विशेष -** **चारानुसार रवि चन्द्र गुरु शुद्धि**

वरस्य रविबलं, कन्यायाः गुरुबलं तथोभयोश्च चन्द्रबलं विचार्यते -

बलम्	**सूर्य**	**चन्द्र**	**गुरु**
श्रेष्ठ	३,६,१०,११	३,६,७१०,११	२,५,७,९,११
मध्यम	१, २, ५, ७, ९	१, २, ५, ९	१,३,६,१०
निन्द्य	४, ८, १२	४, ८, १२	४, ८, १२

ताराचक्र

तारा	**जन्म**	**सम्पत्**	**विपत्**	**क्षेम**	**प्रत्यरि**	**साधक**	**वध**	**मित्र**	**अतिमित्र**
नक्षत्र	1/10/19	2/11/20	3/12/21	4/13/22	5/14/23	6/15/24	7/16/25	8/17/26	9/18/27
फल	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	शुभ
दान	शाक	X	गुड	X	लवण	X	तिल	X	X

वधूप्रवेश मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** शेष विवाह मुहूर्त के समान और वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्त:-इस उक्ति के अनुसार वधू का प्रवेश रात्रि में ही शुभ होता है। ◆ **तिथि -** रिक्ता व अमा.छोडकर अन्य तिथियाँ। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र व शनिवार। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रो., मृग., पुष्य, मघा, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु. तीनों उत्तरा, मूल, श्रवण, धनि., व रेवती। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भ राशि के लग्न शुभ। चतुर्थाष्टम शुद्धि चाहिए। ◆ **त्याज्य -** भद्रा, व्यति., क्षयतिथि, रिक्ता, अमा., ग्रहण, वैधृति व संक्रान्ति दिन।

द्विरागमन मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** कुम्भ, वृश्चिक व मेष राशि में सूर्य के रहने पर ही द्विरागमन विहित है। वर की राशि से रवि और गुरु की शुद्धि आवश्यक है।◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार।

◆ **तिथि -** रिक्ता व अमावस्या छोडकर शेष शुभ। ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनु. मूल, श्रवण, धनि. शत. व रेवती।

गृहारम्भ मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** गुरु-शुक्र अस्तादि विचार आवश्यक है। देवशयन विचार नहीं।

◆ **मासशुद्धि -** निम्न मास ही शास्त्रानुसार ग्राह्य हैं -

सौरमास (सूर्यराशिप्रवेश)	**चान्द्रमास**
कुम्भ	माघ, फाल्गुन
कर्क व सिंह	आषाढ, श्रावण, भाद्रपद
मकर	पौष, माघ
मेष व वृष	चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ
तुला व वृश्चिक	आश्विन, मार्गशीर्ष, कार्तिक

◆ **तिथि -** २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३, १५ ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु, शुक्र व शनिवार । ◆ **नक्षत्र -** रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, उ.षा., धनिष्ठा, शतभिषा, उ.भा., व रेवती (मु.चि.१२/१५) ◆ **पराशरमतानुसार -** अश्विनी, पुनर्वसु, मूल व श्रवण भी ग्राह्य (वृ.वा.मा.पृ.७३, श्लोक ७१-७३)। वास्तु राजवल्लभ के अनुसार ज्येष्ठा भी ग्राह्य। ◆ **योग व करण -** वैधृति, शूल, गण्ड, परिघ, व्याघात, वज्र, विष्कुम्भ एवं व्यतीपात योग तथा भद्रा वर्जित (वृ.वा.मा.गृहारम्भ. ७५-७६ श्लोक)

◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, मिथुन, कन्या, धनु, कुम्भ, मीन, सिंह व वृश्चिक लग्न प्रशस्त। अष्टम व द्वादश शुद्धि। ◆ **विशेष -** वृषवास्तु चक्र शुद्धि।

सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ में वृषवास्तुचक्र

नक्षत्र	1-3	4-7	8-11	12-14	15-18	19-22	23-25	26-28
स्थान	शिर	अग्रपाद	पृष्ठपाद	पृष्ठ	दक्षिणकुक्षि	वामकुक्षि	पुच्छ	मुख
फल	अग्निदाह	चिन्ता	स्थिरता	धनागम	लाभ	दरिद्रता	स्वामीनाश	पीडा

नवीन (अपूर्व) गृहप्रवेश मुहूर्त्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण विशेष शुभ। गुरु-शुक्र अस्तादिविचार आवश्यक। भद्रादोष वर्ज्य। दिन व रात दोनों ही में प्रवेश शुभ। ◆ **मासशुद्धि -** माघ, फाल्गुन, वैशाख व ज्येष्ठ - श्रेष्ठ। मार्गशीर्ष, कार्तिक - मध्यम। ◆ **तिथि -** दोनों पक्षों की तिथि-१, २, ३, ५, ६, ७, ८, १० एवं शु.प. ११, १२, १३, १५ ◆ **वार -** चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि। ◆ **नक्षत्र -** रोहिणी, मृगशिरा, उ.फा., चित्रा, अनुराधा, उ.षा., धनिष्ठा, शतभिषा, उ.भा. व रेवती। मतान्तर से अश्विनी, पुष्य, स्वाती, मूल व श्रवण भी ग्राह्य। ◆ **योगशुद्धि -** वैधृति, शूल, गण्ड, अतिगण्ड, विष्कुम्भ, व्यतीपात, वज्र, परिघ व व्याघात योग वर्जनीय। ◆ **लग्नशुद्धि -** वृष, सिंह, वृश्चिक, मिथुन, कन्या, धनु, मीन। मतान्तर से कुम्भ भी ग्राह्य। लग्न से चतुर्थाष्टम शुद्धि आवश्यक।

सूर्यनक्षत्र से (गृहप्रवेश में विचारणीय) कुम्भचक्र

नक्षत्र	1	2-5	6-9	10-13	14-17	18-21	22-24	25-27
स्थान	मुख	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	गर्भ	गुदा	कण्ठ
फल	अग्निदाह	चिन्ता	धनलाभ	धनप्राप्ति	कलह	विनाश	स्थिरता	स्थिरता
नक्षत्रफल	५अशुभ		८ शुभ		८ अशुभ		६ शुभ	

जीर्ण गृह प्रवेश मुहूर्त्त

मुहूर्त शोधन नवीन (अपूर्व) गृह प्रवेश मुहूर्त के समान। ◆ **विशेष -** १. श्रावण, मार्गशीर्ष एवं कार्तिक मास भी ग्राह्य। २. नवीन (अपूर्व) गृह प्रवेश मुहूर्त में भी प्रवेश। ३. गुरु शुक्र अस्तादि विचार की आवश्यकता नहीं।

वापी कूप तडागादि खनन मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** चैत्रमास में उत्तरायण, शुक्लपक्ष के शुभतिथियों में, शुद्धसमय में। पृथ्वी शयन नक्षत्रों को छोडकर शुभ नक्षत्रों में।सूर्य के नक्षत्र से ५,७, ९, १२, १९ एवं २६ वें चन्द्रनक्षत्रों में पृथ्वी शयन करती है। मतान्तर से सूर्यक्रान्ति से ५, ७, ९, ११, १५, २०, २२, २३ एवं २४ वें दिन भूमि शयन करती है। ◆ **लग्न -** ४, १०, ११, १२ राशिके लग्न, शुक्र दशमभाव में, गुरु बुध अन्यतरस्थ लग्ने, पापग्रह बलहीन, शुभग्रह बलयुक्त शुद्ध। ◆ **नक्षत्र -** रोहिणी, उ.षा., उ.फा., उ.भा., मृगशिरा, अनुराधा, हस्त, पुष्य, पू.षा., धनिष्ठा, रेवती, शतभिषा।

देवता जलाशय वाटिकादि प्रतिष्ठा मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** चैत्रमास में उत्तरायण, शुभतिथियों में, शुद्धसमय में। ◆ **वार -** सू., सो, बु., गु., शु.। ◆ **तिथि -** २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३, १५ शु.प.। ◆ **नक्षत्र -** मृग., रेवती, चित्रा, अनु., ह, अश्वि, तीनों उत्तरा, पुष्य, स्वा., पुन., श्र., धन., शत., रो.।

देवालय-गृहारम्भ-जलाशय-आरम्भ में खात दिग्ज्ञान

खातदिक्	**नैऋत्यां**	**आग्नेयां**	**ऐशान्यां**	**वायव्यां**
देवालय	धनु,मकर,कुम्भ	मीन,मेष,वृष	मिथुन,कर्क,सिंह	कन्या,तुला,वृश्चिक
जलाशय	तुला,वृश्चिक,धनु	मकर,कुम्भ,मीन	मेष,वृष,मिथुन	कर्क,सिंह,कन्या
गृहारम्भ	वृष,मिथुन,कर्क	सिंह,कन्या,तुला	वृश्चिक,धनु,मकर	कुम्भ,मीन,मेष

सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त

◆ **कालशुद्धि -** उत्तरायण, गुरु-शुक्र अस्तादि का विचार आवश्यक। मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष एवं मिथुन में सूर्य के रहने पर। नारदानुसार चैत्रमास रहित मीन राशि का सूर्य प्रशस्त है।

पी.धा.टी. मु.चि. २/६१-६२) ◆ **तिथि -** शु.प. - २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ व १५।◆ **वार -** सू., सो., बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि.।◆ **नक्षत्र -** मृग., रेवती, चित्रा, अनु., हस्त, अश्विनी, पुष्य, स्वा., पुन., श्रवण, धनि., शत., रो., तीनों उत्तरा।◆ **लग्नशुद्धि -** सिंहे सूर्यं, कुम्भे ब्रह्माणं, मिथुने शंकरं स्थापयेत्। द्विस्वभावे देव्या:, चरलग्ने च योगिन्य: स्थापनीया:। देवा:स्थिरलग्नेषु स्थाप्या:। ग्रहान् पुष्ये, बुद्धं श्रवणे, गणेशादीन् रेवत्यां स्थापयेत्। भगवत: विष्णो: देवोत्थानैकादश्यां रामनवम्यां, कृष्णाष्टम्याम्, देव्या: नवरात्रौ दीपमालिकायां, शङ्करस्य शिवरात्रौ (माघफाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यां) वा शुभं प्रतिष्ठापनम्।अर्थात् चन्द्र व पापग्रह - ३, ६, ११ स्थानों में शुभ। शुभ ग्रह ८ व १२ स्थानों को छोडकर अन्यत्र शुभ। प्रतिष्ठा पूर्वाह्न में श्रेष्ठ।

◆ **देवविशेष हेतु लग्न -**

देव	सूर्य	ब्रह्मा	विष्णु	शिव	देवी	क्षुद्रदेवी
लग्न	सिंह	कुम्भ	कन्या	मिथुन	द्विस्वभाव	चरराशि

अन्य देवताओं प्रतिष्ठा नक्षत्र- नवग्रहों का पुष्य में, गणेश यक्ष सर्प भूतादि का रेवती में, जैन देवताओं का श्रवण में प्रतिष्ठा करने का शास्त्रादेश प्राप्त होता है।

यात्रा मुहूर्त्त

◆ **यात्राकाल -** विशेष यात्रा के लिए - मेष, सिंह व धनु में सूर्य के रहने पर - प्रशस्त वृष, मिथुन, तुला, मकर, कुम्भ व मीन - मध्यम, कर्क, वृश्चिक व मीन - अधम

◆ **तिथि -** शुक्लपक्ष - २, ३, ५, ७, १०, ११ व १३, कृष्णपक्ष - १, २, ३, ५, ७, १०, ११ व १३, ◆ **नक्षत्र -** अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा व रेवती। ◆ **वार -** सोम, बुध, गुरु व शुक्र - श्रेष्ठ, रवि, मङ्गल, व शनि - मध्यम। **वार व नक्षत्र शूल (दिशाशूल) -**

दिशा	नक्षत्र	वार
पूर्व	ज्येष्ठा	शनि, सोम
दक्षिण	पूर्वाभाद्रपद	गुरु
पश्चिम	रोहिणी	शुक्र, रवि
उत्तर	उत्तराफाल्गुनी	मङ्गल, बुध

